
UPHIN/2011/39718

पृष्ठ-8 मूल्य-02 रूपये बुन्देलखण्ड का सबसे दबंग अखबार



संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक
7905027565
9415055318

दैनिक
# यंग भारत
निष्पक्ष नज़र निर्भीक खबर
Digital Edition

यंग भारत न्यूज़ — निष्पक्ष नजर, निर्भीक खबर — यंग भारत वेब न्यूज़

सहयोगी प्रकाशन/प्रसारण
दैनिक वास्वतिक समाज वाद-लखनऊ
प्रमुख उर्दू दैनिक तामीरे नौ -लखनऊ

वर्ष-14 अंक-130 | कीर्ति शेष रामेश्वर दयाल श्रीवास्तव (लम्बरदार) की स्मृति में | उरई (जालौन) बुधवार 22 अप्रैल 2026 | youngbharatE-paper.com

## विधानसभा चुनाव से पहले योगी सरकार का बड़ा दांव, यूपी के हर विधायक को मिले 2.50 करोड़ रुपये

( प्रधान सम्पादक )
( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले सरकार विकास कार्यों की गति बढ़ाने में जुटी हैं। वहीं अब विधायकों और विधान परिषद सदस्यों द्वारा अपने निधि के माध्यम से विकास को रफ्तार दी जाएगी।



वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए विधान मंडल क्षेत्र विकास निधि (विधायक निधि) के तहत प्रथम किस्त की धनराशि के रूप में 1247.50 करोड़ रुपये अवमुक्त कर दिए हैं। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट में विधान मंडल के दोनों सदनों (विधान सभा एवं विधान परिषद) के सदस्यों के निर्वाचन क्षेत्रों में विकास के लिए प्रति सदस्य पांच करोड़ रुपये का वार्षिक प्रविधान किया गया है। प्रथम किस्त के रूप में इसकी कुल धनराशि के 50 प्रतिशत की स्वीकृति दी गई है। इसमें विधान सभा के कुल 403 सदस्यों के सापेक्ष वर्तमान में कार्यरत 400 सदस्यों (तीन स्थान रिक्त) के लिए 2.50 करोड़ रुपये प्रति सदस्य की दर से 10 अरब रुपये और विधान परिषद के 100 सदस्यों के सापेक्ष वर्तमान में कार्यरत 99 सदस्यों (एक स्थान रिक्त) के लिए भी 2.50 करोड़ रुपये प्रति सदस्य की दर 247.50 करोड़ रुपये की प्रथम किस्त दी गई है। उपमुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्वीकृत धनराशि का उपयोग प्राथमिकता के आधार पर सड़क, पेयजल, नाली, सामुदायिक भवन, शिक्षा एवं स्वास्थ्य से संबंधित जनोपयोगी कार्यों में किया जाए।

## एक नहीं बार-बार झूठ बोलो का पाठ........

### BJP की जनाक्रोश महिला पदयात्रा पर अखिलेश यादव का पलटवार

( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** लखनऊ में महिला आरक्षण को लेकर विरोधी दलों के रवैये के विरोध में सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में बीजेपी जन आक्रोश पदयात्रा निकाल रही है. जिस पर समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पलटवार किया है.



उन्होंने बीजेपी की इस यात्रा पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा बार-बार झूठ बोलकर भ्रम फैलाने की कोशिश कर रही है.समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट करते हुए बीजेपी के जन आक्रोश पदयात्रा को आड़े हाथों लिया और लोगों में झूठ फैलाने का आरोप लगाया. उन्होंने लिखा- 'एक बार फिर से दूर-दूर से लोगों को जुटाया जाएगा.. 'एक नहीं बार-बार झूठ बोलो' पाठ पढ़ाया जाएगा.. झूठ के महा दरवाज़े से झूठ का झंडा उठाया जाएगा, अपनी करतूतों की काली सड़कों पर चलाया जाएगा..'

### लखनऊ में बीजेपी की जन आक्रोश यात्रा

दरअसल भारतीय जनता पार्टी आज लखनऊ में महिला आरक्षण को लेकर विपक्ष के खिलाफ जन आक्रोश पदयात्रा निकाल रही है. इस पदयात्रा में खुद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शामिल हुए. उनके साथ दोनों डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक समेत एनडीए के तमाम बड़े नेता ओम प्रकाश राजभर, संजय निषाद और आशीष पटेल भी शामिल हुए. ये पदयात्रा आज सुबह नौ बजे मुख्यमंत्री आवास से विधानभवन तक निकाली गई है. इस यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएँ और तमाम महिला संगठन भी शामिल हुए हैं. बीजेपी इस यात्रा के जरिए ये संदेश देने की कोशिश कर रही है कि विपक्ष ने महिला आरक्षण में रोड़ा अटकाया है, जिससे उनका महिला विरोधी चेहरा सबके सामने आ गया है.


### विरोधी दलों के खिलाफ बीजेपी का प्रदर्शन

बता दें कि केंद्र सरकार ने 2029 के चुनाव में महिला आरक्षण लागू करने के लिए तीन दिवसीय संसद का विशेष सत्र बुलाया था, जिसमें महिला आरक्षण संशोधन विधेयक पेश किया गया था, ताकि इसका रास्ता बन सके. लेकिन विपक्ष ने इस पर सरकार का साथ नहीं दिया और सरकार की नीयत पर सवाल उठाए. समाजवादी पार्टी, कांग्रेस समेत विपक्षी दलों ने इसे महिला आरक्षण की आड़ में परिसीमन लाने की साजिश बताते हुए इसका विरोध किया. विपक्षी दलों ने इसे ग़ैर लोकतांत्रिक बताया और ये बिल लोकसभा में पास नहीं हो पाया. जिसके बाद से ही भारतीय जनता पार्टी इसे लेकर विपक्षी दलों पर हमलावर बनी हुई है. यूपी ही नहीं देश के तमाम राज्यों बीजेपी विपक्षी दलों के ख़िलाफ़ प्रदर्शन कर रही है.

## सुर्खियां............

### लॉरेंस बिश्नोई समेत 19 पर मकोका के तहत आरोप तय, जेल से चल रहा था गैंग

( यंग भारत न्यूज )



दिल्ली की एक अदालत ने कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई और उसके 19 सहयोगियों के खिलाफ गंभीर आरोप तय किए हैं। पटियाला हाउस कोर्ट के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश प्रशांत शर्मा ने इस मामले में मकोका (MCOCA), आर्म्स एक्ट और एक्सप्लोसिव्स एक्ट के तहत आरोप तय किए हैं। पुलिस के अनुसार, बिश्नोई और उसके गिरोह के सदस्य जेल के अंदर से ही एक बड़े संगठित अपराध नेटवर्क का संचालन कर रहे थे। यह नेटवर्क हरियाणा, राजस्थान, पंजाब और उत्तर प्रदेश सहित कई राज्यों में सक्रिय था। जांच एजेंसियों का दावा है कि यह गिरोह हत्या, हत्या के प्रयास, लूट, अपहरण, रंगदारी वसूली और धमकी जैसे अपराधों में शामिल था। पुलिस ने बताया कि जेल के भीतर से कई मोबाइल फोन बरामद किए गए, जिनका उपयोग अपराधों को अंजाम देने और बाहरी सहयोगियों से संपर्क बनाए रखने के लिए किया जाता था। इसके अलावा, पुलिस ने यह भी खुलासा किया कि इस गैंग के कुछ सदस्य थाईलैंड, कनाडा और संयुक्त राज्य अमेरिका से भी गतिविधियों का संचालन कर रहे थे।

## बेटी के अफेयर से नाराज पिता ने झाड़फूंक के बहाने बेटी को उतारा मौत के घाट, तेजाब से जलाकर पुलिस को किया गुमराह

( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** लखनऊ पुलिस ने 16 साल की एक नाबालिक लड़की की हत्या के मामले में एक सनसनीखेज खुलासा किया है. लखनऊ पुलिस के मुताबिक, नाबालिग बेटी के पिता ने ही दोस्त के साथ मिलकर उसे मौत के घाट उतारा और पहचान छिपाने के लिए उसके चेहरे पर तेजाब डाल दिया.

पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है. दरअसल, पुलिस ने जांच के दौरान पिता विजय चौबे से पूछताछ की तो उसने बताया कि वो अपनी बेटी के प्रेम प्रंसग से बेहद परेशान था. बेटी की वजह से कई बार किराए का मकान भी बदलना पड़ा था. सामाजिक बदनामी के डर से उसने यह कदम उठाया.



**1 साल पहले बॉयफ्रेंड के साथ भागी थी लड़की**

अगस्त 2025 में बेटी अपने प्रेमी के साथ लापता हो गई. हालांकि पुलिस की मदद से उसे बरामद किया गया और प्रेमी को जेल भेज दिया गया था, लेकिन नवंबर 2025 में जेल से छूटने के बाद भी बेटी अपने प्रेमी से बात करने लगी. बेटी की वजह से पिता और परिवार की बदनामी हो रही थी, जिसकी वजह से पिता ने ही अपने दोस्त के साथ मिलकर बेटी की हत्या कर दी. बार-बार समझाने पर भी बेटी समझने को तैयार नहीं थी जिसके बाद अजीज आकर उसके पिता ने अपने दोस्त के साथ मिलकर एक प्लान बनाया और बेटी को बाराबंकी में झाड़-फूंक के बहाने ले गया और वहां पर उसकी हत्या कर दी. इतना ही नहीं हत्या करने के बाद चेहरे को तेजाब से जलने का प्रयास भी किया, ताकि बॉडी की पहचान ना हो पाए. इसके बाद पिता ने ही खुद अपनी बेटी की गुमशुदगी की रिपोर्ट आईजीआरएस पर दर्ज कराया, जिसके बाद लखनऊ पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई. पूर्वी दीक्षा शर्मा ने बताया कि 16 अप्रैल को धावा के चिनहट निवासी विजय कुमार चौबे ने ढ्ढत्रक्र के जरिए अपनी बेटी वंदना चौबे (16 वर्ष) के लापता होने की शिकायत दर्ज कराई थी. मामले की जांच के दौरान पुलिस ने कॉल डिटेल और संदिग्धों से पूछताछ की, जिसमें चौंकाने वाला खुलासा हुआ. जांच में सामने आया कि विजय कुमार चौबे ने अपने दोस्त अब्दुल मन्नान के साथ मिलकर बेटी की हत्या की साजिश रची थी. लखनऊ पुलिस ने बताया कि विजय और उसके दोस्त अब्दुल मन्नान ने 13 अप्रैल को किराए पर कार ली और बेटी को झाड़-फूंक कराने के बहाने घर से बाहर ले गया. रास्ते में एक ढाबे पर रुकने के बाद देर रात बाराबंकी के कुर्सी रोड पहुंचे, जहां सुनसान जगह पर कार के अंदर सो रही बेटी का गला घोंट दिया. ष्ठष्टक्क ने बताया कि बेटी के विरोध करने पर भी दोनों आरोपी नहीं रुके और तब तक गला दबाते रहे जब तक उसकी मौत नहीं हो गई. हत्या सुनिश्चित होने के बाद पहचान छिपाने के लिए आरोपियों ने उसके चेहरे पर तेजाब डाल दिया. इसके बाद शव को शारदा नहर में फेंकने की कोशिश की, लेकिन सड़क पर वाहन आते देख घबराकर मौके से फरार हो गए. वहीं किसी को शक ना हो इसलिए बेटी की गुमशुदगी की रिपोर्ट भी आईजीआरएस के माध्यम से दर्ज करवा ली. आरोपी पिता ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि वह बेटी के व्यवहार से परेशान था।

## जल शक्ति मंत्री के सस्पेंड कर देने के (अल्टीमेटम) के बावजूद दुस्साहसी नोडल अधिकारी गुप्ता पर नहीं है कोई असर

### न सभी गांव में नल से पानी आया और अधिशासी अभियंता पर भी नहीं गिरी गाज

- » पानी ने आने, ऊपर से गांव की सड़कें खुदी होनें के कारण ग्रामीणों की हो गई है कोढ़ में खाज जैसी स्थिति
- » 'ठेकेदार-अधिकारियों की सांठगांठ से जालौन प्यासा: 5 साल से अधूरे काम, ग्रामीणों में आक्रोश
- » बीमार कोख से उपजी नमामि गंगे योजना है तकनीकी बीमार



संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक

नमामि गंगे

- » नोडल अधिकारी गुप्ता तकनीकी वाहनों से समय कर रहा है पास, उसके और उसके साथियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही न होने से जिले की सबसे बड़ी योजना को डकारने के वाबजूद घूम रहा है जिले में बेशर्मी के साथ
- » शासन, मंत्री, उच्च अधिकारी तथा डीएम की अनगिनत लिखित और मौखिक चेतावनियां पी जाने के वाबजूद सभी ग्रामीणों को नही पिला पाया पानी
- » पीड़ित ग्रामीणों ने पूरी योजना की बिंदुवार भौतिक जांच बड़ी एजेंसी से कराकर सरकारी धन का बड़ा गबन करने वाले नोडल अधिकारी एवम उसके गिरोह को एफआईआर कराकर जेल भिजवाने एवम सरकारी धन वसूली करने की मांग सरकार से की है

- » नोडल अधिकारी गुप्ता 5 वर्ष बीतने के वाबजूद भी न ही नलों तक जल पहुंचा पाया और न ही सुधारी गईं खोदी हुईं सड़कें
- » लगातार प्यासे ग्रामीण खुदे रास्तों से बुरी तरह हैं तंग उन्हें लगता है कि हमारी यही नियति है
- » ठेकेदार कंपनियां भाग चुकी हैं मैदान छोड़ कर

( यंग भारत न्यूज )

**उरई/जालौन।** जनपद जालौन में नमामि गंगे ग्रामीण जल आपूर्ति योजना अब गंभीर सवालों के घेरे में है। योजना का उद्देश्य जहां हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाना और आधारभूत ढांचे को मजबूत करना था, वहीं जमीनी सच्चाई इसके बिल्कुल विपरीत नजर आ रही है। जल निगम के अधिशासी अभियंता आंचल गुप्ता पर मनमानी, लापरवाही और ठेकेदार कंपनियों से सांठगांठ के आरोप लग रहे हैं, जिसके चलते जिले में पानी और सड़कों की समस्या विकराल रूप ले चुकी है।

ग्रामीणों का आरोप है कि बीते पांच वर्षों से योजना के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति हो रही है। ग्राम पंचायत पंडोरा, बागी, उकुरवा, सादतपुर, माझार वार समेत दर्जनों गांवों में पाइपलाइन डालने के लिए सड़कों को खोद दिया गया, लेकिन आज तक उनकी मरम्मत नहीं कराई गई। नतीजतन, ग्रामीणों को टूटी-फूटी सड़कों और धूल-कीचड़ से भरे रास्तों से गुजरना पड़ रहा है। हैरानी की बात यह है कि जिन पाइपलाइनों के लिए सड़कें खोदी गई, उनमें अब तक जल आपूर्ति शुरू नहीं हो सकी है। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि योजना के अंतर्गत कार्य कर रही बृज गोपाल कॉन्ट्रैक्टर कंपनी और जीपीवीआर कंपनी के अधिकारी भी अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार, जब शिकायत की जाती है तो कंपनियों के प्रतिनिधि साफ कहते हैं कि 'हमारा काम पूरा हो चुका है, अब जल निगम से बात करिए।' इससे यह स्पष्ट होता है कि जिम्मेदारी तय करने में गंभीर लापरवाही बरती जा रही है। सूत्रों के मुताबिक, ठेकेदारों और विभागीय अधिकारियों के बीच मिलीभगत का खेल चल रहा है। आरोप है कि अधूरे कार्यों के बावजूद भुगतान निकाल लिया गया है। विभागीय चर्चाओं में यह भी सामने आया है कि जब ठेकेदार कंपनियों के मालिक जिले में आते हैं, तो अधिशासी अभियंता आंचल गुप्ता उनकी आवभगत में व्यस्त रहते हैं और जमीनी समस्याओं को नजरअंदाज कर दिया जाता है। प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने 30 मार्च 2026 तक सभी सड़कों को दुरुस्त करने और गर्मी से पहले जलापूर्ति सुनिश्चित करने के स्पष्ट निर्देश दिए थे। इसके अलावा जिलाधिकारी द्वारा भी कई बार समीक्षा बैठकों में कार्यों को शीघ्र पूरा करने के आदेश दिए गए, लेकिन इन निर्देशों का पालन जमीनी स्तर पर नहीं हो रहा है। इससे प्रशासनिक आदेशों की अनदेखी साफ दिखाई देती है। ग्रामीणों का कहना है कि इस लापरवाही का सीधा असर उनके दैनिक जीवन पर पड़ रहा है। किसान खेतों तक पहुंचने में परेशान हैं, बच्चे स्कूल जाने में दिक्कत महसूस कर रहे हैं और महिलाएं पानी के लिए दूर-दूर तक भटकने को मजबूर हैं। बरसात के मौसम में यही सड़के दलदल में बदल जाती हैं, जिससे हालात और भी बदतर हो जाते हैं। विभागीय सूत्रों का यह भी दावा है कि कई स्थानों पर कार्य गुणवत्ता मानकों के अनुरूप नहीं किया गया है। पाइपलाइन बिछाने के बाद परीक्षण और कनेक्शन की प्रक्रिया अधूरी छोड़ दी गई, जिससे पूरी परियोजना निष्प्रभावी हो गई है। सड़कों की मरम्मत भी केवल कागजों में दिखाई जा रही है, जबकि जमीनी स्थिति बेहद खराब है। यह पूरा मामला अब भ्रष्टाचार की आशंका को और मजबूत कर रहा है। यदि आरोप सही हैं, तो यह केवल लापरवाही नहीं बल्कि सरकारी धन के दुरुपयोग का गंभीर मामला है। ग्रामीणों में इसे लेकर भारी नाराजगी है और वे अब आंदोलन की चेतावनी दे रहे हैं। जनता का सवाल सीधा है—जब सरकार योजनाओं के लिए बजट जारी कर रही है, तो उसका लाभ जमीन पर क्यों नहीं दिख रहा क्या जिम्मेदार अधिकारियों और ठेकेदारों पर कार्रवाई होगी, या फिर यह मामला भी फाइलों में दबकर रह जाएगा अब आवश्यकता है कि शासन और प्रशासन इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराए, दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करे और ग्रामीणों को जल्द से जल्द पानी और बेहतर सड़क जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराए। क्योंकि यह केवल विकास का मुद्दा नहीं, बल्कि जनता के अधिकार और जीवन स्तर से जुड़ा सवाल है।

# अनुरागिनी संस्था द्वारा कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में बाल विवाह निषेध जागरूकता गोष्ठी सम्पन्न

## बाल विवाह रोकना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी : अनीता गुप्ता

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** स्थानीय कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में अनुरागिनी संस्था द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से 'बाल विवाह प्रतिबंध जागरूकता गोष्ठी' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य अनीता गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता अनुरागिनी संस्था के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण सिंह जादौन ने की।कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात मुख्य अतिथियों का माल्यार्पण एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, उपजिलाधिकारी ज्योति सिंह, जिला केंद्रीय सहकारी उपभोक्ता भंडार के अध्यक्ष उपेन्द्र सिंह राजावत उपस्थित रहे।विद्यालय की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। छात्राओं धीनू, नैन्सी, दीपा, भारती एवं अमृता ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से बाल विवाह के दुष्परिणामों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। वहीं ममता एवं संतोषी द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। छात्राओं ने नाटक एवं मंचीय प्रस्तुतियों के माध्यम से यह संदेश दिया कि बाल विवाह बालिकाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य एवं आत्मनिर्भरता के मार्ग में सबसे बड़ी बाधा है।मुख्य अतिथि अनीता गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा,बाल विवाह केवल एक सामाजिक कुरीति नहीं, बल्कि यह बालिकाओं के अधिकारों और उनके सुनहरे भविष्य पर गंभीर आघात है। समाज के प्रत्येक व्यक्ति को इसके विरुद्ध आगे आना होगा।बेटियों को शिक्षित, सुरक्षित और आत्मनिर्भर बनाना ही सच्चा महिला सशक्तिकरण है।

उपजिलाधिकारी ज्योति सिंह ने कहा, प्रशासन की प्राथमिकता है कि कोई भी बालिका अपने अधिकारों से वंचित न रहे। बाल विवाह रोकने के लिए समाज, परिवार और प्रशासन को मिलकर कार्य करना होगा।जागरूकता ही इस समस्या का सबसे प्रभावी समाधान है।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ. प्रवीण सिंह जादौन ने कहा बाल विवाह बच्चों के अधिकारों का हनन है। जब एक बालिका शिक्षित होती है तो पूरा समाज सशक्त होता है। अनुरागिनी संस्था पिछले 30 वर्षों से महिला सशक्तिकरण बाल संरक्षण और सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रही है। हमारा उद्देश्य केवल कार्यक्रम आयोजित करना नहीं, बल्कि समाज में स्थायी परिवर्तन लाना है।पालिका अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने कहा, समाज की उन्नति तभी संभव है जब हमारी बेटियां सुरक्षित और शिक्षित हों। बाल विवाह रोकना केवल कानून का विषय नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना का विषय है। हम सभी को इसमें अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। कार्यक्रम में भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष अमित उपाध्याय,भाजपा नगर अध्यक्ष अंजू अग्रवाल महिला कल्याण विभाग से जूली खान, गरिमा पाठक एवं रजनी शर्मा, जनपद की महिला थाना प्रभारी उमा सैनी, अमरचंद महेश्वरी इंटर कालेज के प्रधानाचार्य प्रेम नारायण वर्मा, कार्यक्रम संयोजक श्याम करण प्रजापति,रितु वर्मा, बबीता बवेले, प्रतीक्षा, अनीता, कृपाशंकर आदि उपस्थिति रहे। सभी अतिथियों ने बाल विवाह निषेध, महिला सशक्तिकरण, शिक्षा, सुरक्षा एवं सामाजिक जागरूकता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार व्यक्त करते हुए समाज को जागरूक एवं सशक्त बनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की वार्डन वंदना वर्मा ने उपस्थित सभी का आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम का संचालन संजय सिंघाल ने किया कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार, शिक्षिकाओं, ग्रामवासियों एवं बड़ी संख्या में छात्राओं ने सहभागिता कर बाल विवाह मुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया।

# जनगणना 2026 कार्यक्रम में दूसरे दिन भी 3 सौ कर्मचारियों ने प्रशिक्षण लिया

( यंग भारत न्यूज )



**कालपी-उरई।** लगातार दुसरे दिन मंगलवार को एमएसवी इंटर कॉलेज कालपी में उपजिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह, नगर पालिका परिषद कालपी के अधिशासी अधिकारी अवनीश कुमार शुक्ला,शिक्षको राजस्व कर्मचारियों की देखरेख में जनगणना 2026 प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया गया। मौके पर तीन सौ कर्मचारियों ने जनगणना का प्रशिक्षण हासिल किया।

मंगलवार को विद्यालय के 6 अलग-अलग कमरों में प्रशिक्षार्थियों के लिए भारत की जनगणना 2026 के प्रथम चरण के तहत मकान सूचीकरण एवं मकान की गणना का प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया गया। एसडीएम मनोज कुमार सिंह ने कहा कि प्रत्येक दिन 6 बेचों में तीन सौ कार्मिकों को लगातार 3 दिन प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाएगी। कालपी तहसील नगर पालिका पर कालपी तथा नगर पंचायत कदौरा को मिलाकर बनाए गए हैं। तहसील कालपी के 15 बैच नगर पालिका परिषद कालपी के दो बैच नगर पंचायत कदौरा का एक बैच शामिल किया गया है। नायब तहसीलदार चंद मोहन शुक्ला के मुताबिक 20 से 22 अप्रैल तक तथा 23 से 25 अप्रैल तक व 27 से 29 अप्रैल तक 66 बैच का प्रशिक्षण चलाया जा रहा है प्रत्येक बैच में लगभग 50 कार्मिक शामिल हो रहे हैं पूरी ट्रेनिंग में 29 अप्रैल तक कल 900 कार्मिक शिक्षित होंगे प्रशिक्षण कार्यक्रम में कार्मिक,प्रगणक तथा सुपरवाइजर शामिल रहे। खंड शिक्षा अधिकारी रघुनाथ चौधरी,नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी अवनीश कुमार शुक्ला, नायब तहसीलदार मुकेश कुमार,चंद्र मोहन शुक्ला के अलावा प्रधानाचार्य सुनील कुमार, आनंद शर्मा शिक्षक व्यवस्थाओं के लिए मौजूद रहे।

# खलिहान में लगी आग की चिंगारी ने दो रिहायशी घरो को लिया चपेट में,

## सामान जलकर राख, घंटा भर बाद पहुंची दमकल

( यंग भारत न्यूज )



**जालौन-उरई ।** ग्राम कुंवरपुरा में मंगलवार की दोपहर करीब तीन बजे खलिहान में लगी आग की चिंगारी उड़कर रिहायशी मकानों तक पहुंच गई और देखते ही देखते दो घरों को अपनी चपेट में ले लिया। आगजनी में दो भाइयों के घर का सामान जलकर राख हो गया। सूचना के लगभग एक घंटे बाद दमकल मौके पर पहुंची। तब तक ग्रामीण सबमर्सिबल पंप और बाल्टियों से पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास करते रहे। ग्रामीणों के अनुसार मंगलवार की दोपहर गांव के बाहर स्थित खलिहान में अज्ञात कारणों से आग लग गई थी। तेज हवा के चलते आग की चिंगारियां उड़कर पास में बने जसवंत सिंह पटेल और उनके सगे भाई लालजी पटेल छप्पर और मकानों तक पहुंच गईं, जिससे कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। देखते ही देखते दोनों भाइयों के मकानों में आग फैल गई और घर में रखा सामान धू-धू कर जलने लगा। ग्रामीणों ने दमकल को सूचना दी और गांव में लगे सबमर्सिबल पंप और बल्टियों से पानी भरकर आग में डालना शुरू कर दिया। लेकिन आग इतनी तेजी से फैली कि उस पर काबू पाना मुश्किल हो गया। सूचना देने के बाद भी दमकल की गाड़ी करीब एक से डेढ़ घंटे की देरी से मौके पर पहुंची, तब तक घरों रखे कपड़े, बिस्तर, अनाज, घर गृहस्थी का सामान, नगदी, पंखा, कूलर साइकिल आदि घरेलू सामान जलकर राख हो चुका था। आग की चपेट में आकर भैंस का बच्चा भी झुलस गया और उसकी मौत हो गई। पशुओं के लिए रख छह ट्रॉली भूसा भी जलकर राख हो गया। ग्रामीणों की मानें तो मलबे में तीन से चालीस हजार के जले हुए नोट भी थे। इस घटना के बाद पीड़ित परिवार के सामने खाने-पीने तक का संकट खड़ा हो गया है।

# सिपाही की बाइक रोड पर सुअर से भिड़ी

## घायल सिपाही को किया गया जिला अस्पताल रेफर

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** सड़क हादसे में पुलिस विभाग में कार्यरत एक सिपाही गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना सुबह करीब 10 बजे की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार कोंच कोतवाली में तैनात सिपाही अनिल कुमार उम्र 32 वर्ष विभागीय कार्य से मोटरसाइकिल से कोंच से उरई जा रहे थे।बताया जा रहा है कि जैसे ही वह मंलगा नाला पुल के पास पहुँचे तभी अचानक सड़क पर एक सुअर आ गया। जानवर को बचाने के प्रयास में उनकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित हो गई और वह सड़क पर गिर पड़े। हादसा इतना गंभीर था कि गिरने से उन्हें गंभीर चोटें आईं और वह सड़क पर ही घायल अवस्था में पड़े रहे।घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुँची और घायल सिपाही को एम्बुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोंच में भर्ती कराया गया। वहीं सूचना मिलने पर सुरही चौकी प्रभारी अभिषेक कुमार,मंडी चौकी प्रभारी नीतीश कुमार,सिपाही राहुल और पंकज अन्य पुलिसकर्मी भी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।सीएचसी में मौजूद डॉक्टरों ने सिपाही का प्राथमिक उपचार किया, लेकिन हालत गंभीर होने के कारण उन्हें बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल उरई रेफर कर दिया गया। फिलहाल उनकी स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है।इस घटना के बाद पुलिस विभाग में चिंता का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़कों पर आवारा जानवरों की वजह से ऐसे हादसे लगातार बढ़ रहे हैं, जिससे राहगीरों की सुरक्षा पर सवाल खड़े हो रहे हैं।वही प्रशासन से इस दिशा में ठोस कदम उठाने की मांग की जा रही है।

# स्मार्ट मीटर से परेशान आक्रोशित उपभोक्ताओ ने एसडीएम को दिया ज्ञापन

( यंग भारत न्यूज )




**कोंच** नगर के मुहल्ला नया पटेल नगर में स्मार्ट मीटर को लेकर उपभोक्ताओं का आक्रोश सामने आया है। स्थानीय निवासियों ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देकर बगैर अनुमति लगाए गए स्मार्ट मीटरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

एसडीएम ज्योति सिंह को दिए अपने ज्ञापन में मुहल्लावासियो ने कहा कि विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने आशीर्वाद होटल के पीछे स्थित कई घरों में बगैर किसी पूर्व सूचना और बगैर सहमति के घरों पर लगे पुराने बिजली मीटर हटाकर स्मार्ट मीटर स्थापित कर दिए हैं। इन विद्युत उपभोक्ताओं का कहना है कि पहले उनका मासिक बिजली बिल लगभग 400 से 500 रुपये तक आता था, लेकिन स्मार्ट मीटर लगने के बाद बिल अचानक बढ़कर 3000 रुपये से अधिक आ रहा है जिससे उन पर आर्थिक बोझ बढ़ गया है। शिकायत लेकर विद्युत विभाग के कार्यालय पहुंचे तो उन्हें ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराने के लिए कहा गया, समुचित जानकारी के अभाव में उन्हें परेशान होना पड़ रहा है। इन विद्युत उपभोक्ताओं ने जबरन लगाए गए स्मार्ट मीटरों को हटाकर पुन: पुराने मीटर लगाए जाने की मांग की है ताकि बिजली बिल सामान्य स्तर पर आ सके। ज्ञापन सौंपने वालों में ललिता, सावित्री, चंदा, पार्वती, राहुल, मुकेश, विशाल, गोविंद सिंह, अर्जुन, लीला, मालती सहित कई लोग शामिल रहे।

# भाकपा ने जनहित की मांगों को कुचलने का लगाया आरोप

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई ।** भाकपा ने जनहित की मांगों को लेकर किए जाने वाले जनआंदोलनों को कुचलने का आरोप लगाया है। पार्टी कार्यकर्ता 23 अप्रैल को इसको लेकर डीएम को ज्ञापन सौंपेंगे। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के जिला प्रवक्ता कमलेश कुमार ने बताया कि वर्तमान प्रदेश सरकार दमनकारी नीतियों को अपना रही है। जनता की जायज मांगों को लेकर होने वाले शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शनों को दबाया जा रहा है। जबकि सांप्रदायिक जुलूस और प्रदर्शनों को अनुमति दे दी जाती है। नोएडा में मजदूरों की वेतन वृद्धि और श्रम कानूनों को लागू करने की मांगों को लेकर चलाए जा रहे आंदोलनों का दमन किया गया है। बताया कि इसको लेकर पार्टी की ओर से एक ज्ञापन 23 अप्रैल को डीएम के माध्यम राज्यपाल को भेजा जाएगा। ताकि प्रदेश सरकार की इस दमनकारी नीति को बंद कराया जा सके।

# विश्वकर्मा मंदिर में लगे पीतल के घंटे चोरी होने मामले में तीन गिरफ्तार, चोरी के 6 घंटे बरामद

( यंग भारत न्यूज )



**जालौन-उरई।** नगर के मोहल्ला चिमनदुबे में स्थित विश्वकर्मा मंदिर में लगे पीतल के घंटे चोरी होने मामले में पुलिस ने तीन युवकों को पकड़ा है। जिनके पास से छह घंटे पुलिस ने बरामद किए हैं। पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय में पेश किया है।

कोतवाली क्षेत्र मोहल्ला चिमनदुबे निवासी हर्ष विश्वकर्मा ने पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराई थी कि उनके मोहल्ले में भगवान विश्वकर्माजी का मंदिर बना हुआ है। मंदिर में भक्तों द्वारा पीतल के घंटे लगवाए गए थे। शनिवार की रात अज्ञात चोर मंदिर से घंटे चोरी कर ले गए थे। रविवार की सुबह जब भक्त मंदिर पर पूजा अर्चना के लिए पहुंचे तो घंटे गायब थे। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी थी। कोतवाल हरिशंकर चंद को सूचना मिली कि सारंगपुर रोड पर गुरू मस्तराम आश्रम के पास तीन युवक चोरी की चीजें बेचने के लिए ले जा रहे हैं। सूचना मिलते कोतवाल एसआई शिवम सेंगर व पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। जहां घेराबंदी कर पुलिस ने रापटगंज निवासी शाहरूख राईन, मुरलीमनोहर निवासी राजा खान उर्फ कांचा और तोपखाना निवासी फरहान मंसूरी उर्फ कारू को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उनके पास से छह चोरी के घंटे बरामद किए। तीनों आरोपियों को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

# कथा के पांचवे दिन भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया

( यंग भारत न्यूज )



**जालौन-उरई।** नगर के बैठगंज में स्थित नाना महाराज मंदिर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन कथा व्यास पंडित प्रदीप तिवारी ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया। करते हुए भागवताचार्य प्रदीप तिवारी ने कहा कि अयोध्या धाम छावनी के संत महंत नृत्यगोपाल दासजी महाराज के सानिध्य मे संचालित नानाजी महाराज मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा यज्ञ का साप्ताहिक कार्यक्रम आयोजन चल रहा है। पांचवें दिन की कथा सुनाते हुए भगवताचार्य पंडित प्रदीप तिवारी ने गोवर्धन लीला का वर्णन करते हुए बताया की सात कोस लंबे चौड़े कालिकाल के देवता गोवर्धननाथ को सात वर्ष के कन्हैया ने अपनी सबसे छोटी उंगली में सात दिन और रात रखा। भगवान ने गोवर्धन पर्वत को धारण कर इंद्रदेव का अभिमान तोड़ा। इसलिए जीव को कभी भी अभिमान नहीं करना चाहिए और कर्म करते रहना चाहिए। जैसा कर्म करोगे तो फल भी वैसा ही मिलेगा। इसीलिए भगवान ने भी कर्म को प्रधान बताते हुए कहा कर्म करना जीव का धर्म है और फल देना उनका काम है।इस मौके पर महंत विजय रामदासजी, पुजारी राधारमण, श्रीराम दौहालिया, अरुण मिश्रा, नीशू पाठक, हिम्मत सिंह, अरविंद गुप्ता बीनू, महेंद्र सिंह, राजू पुरवार, बंटे सोनी आदि रहे।

# बेटी की शादी के कार्ड बांट रहे पिता सड़क हादसे में मौत

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** बेटी की शादी के कार्ड बांटने जा रहे बाइक सवार पिता को अनियंत्रित तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बुरी तरह कुचल दिया जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पचीपुरा कलां निवासी अशोक कुमार उम्र 45 वर्ष पुत्र श्यामलाल की बड़ी बेटी संध्या की शादी आगामी 7 मई को होनी है। सोमवार की शाम अशोक बेटी की शादी के कार्ड रिश्तेदारी के ग्राम काटा कमटा में बांटने अपने घर से बाइक पर सवार होकर निकला था। देर शाम वह कोंच में एट रोड पर स्थित रामस्वरूप रावत इंटर कालेज और ग्राम अंडा के बीच पहुंचा तभी अनियंत्रित तेज रफ्तार अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही बरतते हुए बाइक में जोरदार टक्कर मार दी जिससे अशोक बाइक से उछलकर दूर सड़क पर जा गिरा। टक्कर इतनी भीषण थी कि अशोक सिर पर जो हेलमेट लगाए हुए था वह चकनाचूर हो गया। सिर फट जाने से अशोक की मौके पर ही मौत हो गई। अशोक के पास मौजूद शादी के कार्ड में अंकित मोबाइल नंबर पाकर पीआरबी पुलिस ने घटना की सूचना परिजनों को दी, जिसके बाद परिजन मौके पर पहुंचे। पुलिस द्वारा अशोक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां डाक्टरो ने उसे मृत घोषित कर दिया।घटना की जानकारी होते ही सीएचसी पहुंचे प्रभारी निरीक्षक बृजेश बहादुर सिंह ने आवश्यक जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।बताया गया मृतक लघु सीमांत किसान था और उसके दो बेटी व एक बेटा है। घटना को लेकर परिजनों में कोहराम मचा हुआ है और शादी की तैयारियां मातम में बदल गई हैं। फिलहाल पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे चैक कर अज्ञात वाहन की तलाश में लगी है।

# कोंच में सरे बाजार दिन दहाड़े दुस्साहसी बदमाश ने महिला का पर्स उभाड़ दिया

## पुलिस ने किया मुकदमा दर्ज

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** मुख्य बाजार में उस वक्त अफरा-तफरी मच गई थी, जब दुकान पर चप्पल खरीद रही एक महिला के पर्स से जेवर और नगदी पार कर ली गई थी।महिला ने चप्पल खरीद कर रुपए देने के लिए पर्स खोला तो उसे पर्स में सब कुछ गायब मिला था। महिला द्वारा शोर-शराबा करने पर मौके पर भीड़ जमा हो गई थी और उसकी समय बगल में एक अन्य दुकान पर खरीददारी कर रहे तीन युवकों को पकड़ लिया गया था और उनकी धुनाई कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया था। उक्त घटना को लेकर महिला के पति हरनाम पुत्र संतराम निवासी ग्राम बुढ़ेरा थाना नदीगांव द्वारा दी गई तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने तीन अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार नदीगांव थाना क्षेत्र के ग्राम बुढेरा निवासी महिला अपने पति के साथ नगर के रामगंज बाजार में खरीदारी करने आई थी। उसने जूता-चप्पल की दुकान पर चप्पल पसंद कर भुगतान करने के लिए जैसे ही पर्स खोला, उसमें रखा सोने का पेंडल, चांदी की पायलें और नगदी गायब देखकर उसके होश उड़ गए। महिला चीखती हुई दुकान से बाहर निकली और आसपास मौजूद लोगों की मदद से बगल की दुकान से जूता-चप्पल खरीद रहे तीन युवकों को पकड़ लिया। भीड़ ने युवकों की जमकर धुनाई कर दी। इस दौरान एक युवक की तलाशी लेने पर उसके कपड़ों के अंदर से कुछ जेवर और नगदी बरामद हुई। मौके पर मौजूद लोगों ने आरोपी युवक को पुलिस के हवाले कर दिया। वहीं पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए तीनों संदिग्धों को हिरासत में ले लिया था। बाजार में दिनदहाड़े हुई इस वारदात से व्यापारियों और ग्राहकों में दहशत का माहौल बन गया था।

# व्यापारियों की समस्याओं पर त्वरित समयबद्ध समाधान के दिए निर्देश – जिलाधिकारी

## जाम, अतिक्रमण और सड़क चौड़ीकरण पर निर्णायक पहल, जनपद में सुगम व्यापारिक माहौल की ओर कदम

( यंग भारत न्यूज )




**उरई ( जालौन )।** जनपद में व्यापारियों एवं उद्यमियों की समस्याओं के त्वरित और प्रभावी निस्तारण के उद्देश्य से जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में विकास भवन स्थित रानी लक्ष्मीबाई सभागार में जिला व्यापार बन्धु, उद्योग बन्धु एवं श्रम बन्धु की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि व्यापार और उद्योग से जुड़े हर मुद्दे का समाधान प्राथमिकता के आधार पर, समयबद्ध ढंग से सुनिश्चित किया जाए, ताकि जनपद में बेहतर व्यावसायिक वातावरण विकसित हो सके।

बैठक के दौरान व्यापारियों ने मोनी मंदिर के आगे स्थित सब्जी मंडी क्षेत्र में लगातार लगने वाले जाम की समस्या को प्रमुखता से उठाया। इस पर जिलाधिकारी ने नगर मजिस्ट्रेट, उप जिलाधिकारी एवं अधिशासी अधिकारी उरई को निर्देशित किया कि वैकल्पिक स्थान चिन्हित कर प्रस्ताव शीघ्र प्रस्तुत किया जाए, जिससे यातायात व्यवस्था सुगम बनाई जा सके। राठ रोड ओवरब्रिज से हाईवे तक सड़क की कम चौड़ाई के कारण उत्पन्न हो रही दिक्कतों को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वित्तीय वर्ष की प्रथम तिमाही में सड़क चौड़ीकरण का कार्य प्रारंभ कराया जाए। साथ ही राठ रोड उरई में धान मिल से हाईवे तक दोनों ओर नाले के निर्माण की मांग पर नगर पालिका द्वारा अपेक्षित कार्य न किए जाने पर अधिशासी अधिकारी से स्पष्टीकरण तलब किया गया। जनसुविधाओं के प्रति प्रशासन की संवेदनशीलता का उदाहरण देते हुए, एचडीएफसी बैंक के सामने स्थित सार्वजनिक शौचालय में पूर्व में ताला लगे रहने की शिकायत का त्वरित संज्ञान लिया गया, जिस पर जिलाधिकारी के निर्देश के बाद अधिशासी अधिकारी द्वारा शौचालय को संचालित कर समस्या का समाधान किया गया। कालपी बाजार में अतिक्रमण की समस्या पर जिलाधिकारी ने सख्त रुख अपनाते हुए उप जिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी को निर्देशित किया कि विशेष अभियान चलाकर बाजार को अतिक्रमण मुक्त कराया जाए, ताकि व्यापारियों और आमजन को राहत मिल सके। वहीं कालपी गल्ला मंडी में बालू के ट्रकों के खड़े होने से हो रही असुविधा पर जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि अब ट्रकों को मंडी क्षेत्र में खड़ा नहीं होने दिया जाएगा और इसके लिए पृथक होल्डिंग एरिया विकसित किए जाने हेतु प्रस्ताव स्वीकृति के लिए भेजा गया है। शहर में प्रकाश व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए जिलाधिकारी ने नगर पालिका को निर्देशित किया कि अभियान चलाकर यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी क्षेत्र में अंधेरा न रहे तथा जहां भी स्ट्रीट लाइट खराब हों, उन्हें तत्काल ठीक कराया जाए। जिला उद्योग बन्धु की बैठक में जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को उद्यमियों की समस्याओं के समाधान में गंभीरता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बैठक का मूल उद्देश्य समस्याओं की समीक्षा भर नहीं, बल्कि उनके प्रभावी निस्तारण को सुनिश्चित करना है, जिससे जनपद में उद्योगों को प्रोत्साहन मिले और निवेश का वातावरण सुदृढ़ हो। बैठक में श्रम बन्धु से संबंधित विषयों पर भी चर्चा की गई और श्रमिकों के हितों से जुड़े मामलों को प्राथमिकता से हल करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर मुख्य विकास केके सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी नेहा ब्याडवाल, अपर पुलिस अधीक्षक डॉ ईशान सोनी, नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार, उपयुक्त सचिव जिला स्तरीय व्यापार बंधु अमित यादव, उपयुक्त उद्योग धर्मेंद्र भास्कर, विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता (प्रथम एवं द्वितीय), लोक निर्माण विभाग के अधिकारी सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी साथ ही जनपद के प्रतिष्ठित व्यापारी एवं उद्यमी मौजूद रहे।

# कड़ी निगरानी और पुख्ता व्यवस्थाओं के बीच संपन्न होगी होमगार्ड भर्ती परीक्षा – जिलाधिकारी

## जोनल, सेक्टर मजिस्ट्रेट व केंद्र व्यवस्थापकों को जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने दिया प्रशिक्षण

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, लखनऊ द्वारा आयोजित होमगार्ड्स इनरोलमेंट-2025 की परीक्षा को सकुशल, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए जोनल, सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं केंद्र व्यवस्थापकों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। विकास भवन स्थित रानी लक्ष्मीबाई सभागार में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि परीक्षा की शुचिता सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर चेकिंग, फ्रिस्किंग तथा सीसीटीवी निगरानी के सभी मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि परीक्षा जनपद में दिनांक 25, 26 एवं 27 अप्रैल 2026 को दो पालियों में आयोजित होगी। प्रथम पाली प्रात: 10:00 से 12:00 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपराह्न 03:00 से 05:00 बजे तक संचालित की जाएगी। इसके लिए जनपद में कुल 09 परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं, जिनमें आचार्य नरेन्द्र देव इंटर कॉलेज, आर्य कन्या इंटर कॉलेज, डीएवी इंटर कॉलेज, दयानंद वैदिक महाविद्यालय, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज, सनातन धर्म इंटर कॉलेज, सर्वोदय इंटर कॉलेज तथा गांधी इंटर कॉलेज शामिल हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूर्ण सजगता और समर्पण के साथ करें, ताकि जनपद में यह परीक्षा एक आदर्श एवं निष्पक्ष परीक्षा के रूप में संपन्न हो सके। पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत व्यापक पुलिस बल की तैनाती एवं सतत निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी के.के. सिंह, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) योगेंद्र सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. ईशान सोनी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. बीरेंद्र सिंह, वरिष्ठ कोषाधिकारी अवनीश सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक राजकुमार पंडित सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना से लाभान्वित किया जायेगा गर्भवती महिलाओं को

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** जिला कार्यक्रम अधिकारी शरद कुमार अवस्थी ने बताया कि बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा शासन के निर्देश पर जनपद की गर्भवती एवं धात्री महिलाओं की शुरूआती पोषण और टीकाकरण हेतु प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जनपद में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना संचालित की जा रही है। योजना के तहत प्रथमवार गर्भधारण करने पर पात्र महिला को शासन से डीबीटी पेंमेंट प्रक्रिया के माध्यम से सीधे उनके बैंक में दो किस्तों में कुल 5000/- भेजे जाते है। जिसकी पहली किस्त गर्भावस्था के समय ही, प्रथम स्वास्थ्य जॉचोपरांत 3000/- एवं दूसरी किस्त 2000/-बच्चों के जन्म के बाद प्रथम चक्र के टीकाकरण (लगभग 120 दिन की स्वस्थ जॉच टीकाकरण) उपरांत दिया जाता है। इसीप्रकार दूसरे प्रसव उपरांत पुत्री के जन्म होने पर प्रथम चक्र के टीकाकरण (लगभग 120 दिन की स्वस्थ जॉच / टीकाकरण) उपरांत एकमुश्त 6000 रूपये की धनराशि आवेदिका के बैंक खाते में भेजी जाती है।

वित्तीय वर्ष 2023 से जनपद जालौन में 14757 पात्र महिलाओं द्वारा योजनागत पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन किया जा चुका है। जनपद से पात्र महिलाओं को प्रथमबार गर्भधारण करने के स्वरूप किये गये 8769 आवेदन में से 6489 महिलाओं को योजना का लाभ डी0बी0टी0 भुगतान प्रणाली के माध्यम से उनके बैंक खाते में भेजा चुका है। इसी प्रकार दूसरी संतान के रूप में पुत्री के जन्म होने के स्वरूप पहले बच्चे हेतु आवेदन किये गये है एवं दूसरी बार में पुत्री होने पर 5988 आवेदन प्राप्त हुये है, जिनमें जाँच उपरांत 3010 महिलाओं को 6000/- रूपये की दर से भुगतान किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि योजना हेतु आवश्यक प्रपत्र- गर्भवती महिला का आधार कार्ड, एक मोबाईल नम्बर, स्वास्थ्य केन्द्र से जारी जच्चा-बच्चा कार्ड (आर0सी0एच0 आई0डी0 के साथ), आवेदिका (महिला) के नाम जारी ई-श्रम कार्ड/आयुष्मान कार्ड/एससी-एसटी जाति प्रमाण पत्र/08 लाख तक की आय का आय प्रमाण पत्र/दिव्यांगता का प्रमाण पत्र/आवेदिका (महिला) के नाम से जारी राशन कार्ड/आवेदिका (महिला) को प्राप्त किसान सम्मान निधि का प्रमाण / मनरेगा जॉव कार्ड आदि में से एक, बच्चे के जन्म का प्रमाण पत्र, बच्चे के जन्मोपरांत की गयी जाँच का प्रमाण पत्र । उक्त कागजात की स्पष्ट फोटोकापी के साथ अपने निकटतम क्षेत्रीय आगनबाडी से सम्पर्क कर अपना आवेदन करा सकते हैं। यदि किसी भी महिला को पात्रता के उपरांत भी लाभ प्राप्त करने में कोई असुबिधा हो रही है तो कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी कलैक्ट्रेट जालौन में आकर जानकारी प्राप्त कर सकती है। उन्होंने यह भी बताया कि योजनागत लाभार्थी को दी जाने बाली सहायतार्थ धनराशि से सम्बन्धित किसी प्रकार का बजट जनपद को प्राप्त नहीं होता है। जनपद से मात्र आवेदन को अग्रसारित किया जाता है। भुगतान शासन स्तर से सीधे लाभार्थी के आधार से लिंक बैंक खाते में किया जाता है।

# उरई मेडिकल कॉलेज में 66 वर्षीय मरीज का सफल कूल्हा प्रत्यारोपण, आयुष्मान योजना से मिली नई जिंदगी

( यंग भारत न्यूज )



**उरई।** राजकीय मेडिकल कॉलेज उरई में डॉक्टरों की टीम ने एक जटिल सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम देते हुए 66 वर्षीय मरीज अली हसन को नई उम्मीद दी है। मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. अरविंद त्रिवेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद जालौन के ग्राम काकसीस निवासी अली हसन पिछले लगभग छह महीनों से कूल्हे के गंभीर गठिया (आर्थराइटिस) और 'नेक फीमर' (जांघ की हड्डी के ऊपरी हिस्से) में पुराने फ्रैक्चर से पीड़ित थे। लंबे समय से चल रही इस समस्या के कारण उन्हें चलने-फिरने में अत्यधिक कठिनाई का सामना करना पड़ रहा था और उनका दैनिक जीवन भी प्रभावित हो चुका था।

मरीज की गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों की टीम ने 'सीमेंटेड टोटल हिप रिप्लेसमेंट' (कूल्हे का पूर्ण प्रत्यारोपण) करने का निर्णय लिया। यह जटिल ऑपरेशन आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत किया गया, जिससे मरीज को आर्थिक रूप से राहत मिली और उसे निशुल्क उपचार का लाभ प्राप्त हुआ। इस सफल सर्जरी का नेतृत्व सहायक प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष डॉ. सिद्धार्थ ने किया। उनके साथ ऑपरेशन में डॉ. प्रांशु और डॉ. सलीम (जूनियर रेजिडेंट) ने महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया। एनेस्थीसिया की जिम्मेदारी डॉ. सुनीत और उनकी टीम ने बखूबी निभाई, जबकि नर्सिंग स्टाफ में सिस्टर वर्षा की भूमिका भी सराहनीय रही। प्रधानाचार्य डॉ. अरविंद त्रिवेदी ने बताया कि ऑपरेशन पूरी तरह सफल रहा है और मरीज की स्थिति अब स्थिर है। उन्होंने कहा कि उचित देखभाल, दवाओं और फिजियोथेरेपी के माध्यम से मरीज जल्द ही सामान्य जीवन की ओर लौट सकेगा। इस प्रकार की जटिल सर्जरी का सफलतापूर्वक संपन्न होना मेडिकल कॉलेज की चिकित्सा सेवाओं और विशेषज्ञता का प्रमाण है। इस उपलब्धि से न केवल अस्पताल की प्रतिष्ठा बढ़ी है, बल्कि क्षेत्रीय स्तर पर गंभीर रोगों के उपचार के लिए मरीजों का विश्वास भी मजबूत हुआ है।

उरई की खबरें पेज नं 8 पर भी देखें

# हाजीपुर पंचायत में ग्राम विकास अधिकारी पर भ्रष्टाचार का आरोप

## ग्राम प्रधान ने शासन से शिकायत कर उठाई जांच की मांग

### - ग्राम विकास अधिकारी की जांच करने में हीलाहवाली कर रहे जिम्मेदार

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** ग्राम पंचायत हाजीपुर विकास खण्ड कुठौंद की ग्राम प्रधान देवकन्या ने ग्राम विकास अधिकारी जय सिंह यादव पर गंभीर भ्रष्टाचार और अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री को शिकायती पत्र लिखा है। पत्र में मांग की गई है कि शासन स्तर से जांच कराकर सख्त कार्रवाई की जाये। ग्राम प्रधान देवकन्या पत्नी भगवत सिंह ने पत्र में आरोप लगाया कि मनरेगा 2024-25 में कोई पक्का कार्य नहीं हुआ, क्योंकि अधिकारी ने उनके कहने पर भी कोई एस्टीमेट नहीं बनवाया। ग्राम पंचायत की बैठकें कभी नहीं बुलाई गईं, गौपालक मानपत्र 15 महीने से वितरित नहीं किया गया तथा गौशाला निरीक्षण रजिस्टर भी नहीं रखा जाता गया है। महिला ग्राम प्रधान देवकन्या ने शासन व जिला स्तरीय अधिकारियों को भेजें शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि अधिकारी गांव कभी आते ही नहीं बल्कि प्राइवेट व्यक्ति लगाकर दलाली करवाते हैं। मृत्यु प्रमाण पत्र जैसे कार्यों में जनता को जानबूझकर परेशान किया जाता रहता हैं।

ग्राम निधि की 2024-25 योजनाएं उनकी मर्जी से बनाई जबकि बिना प्रधान या ग्रामवासियों की सहमति नहीं ली गयी। खुलासा किया कि ग्राम विकास अधिकारी हर जगह आधे-अधिक पैसे लेकर काम करते हैं जो पूर्व में दमरास में भ्रष्टाचार के कारण निलंबित रह चुके हैं। प्रधान ने जिलाधिकारी से नाला निर्माण की जांच कराये जाने की भी अपील की है। जालौन में ग्राम विकास अधिकारी पर भ्रष्टाचार के ऐसे आरोप पहले भी लग चुके हैं जिससे स्थानीय स्तर पर आक्रोश बढ़ रहा है।

# गुड्डा गुड़िया एवं खिलौना वीथिका का हुआ शुभारंभ

( यंग भारत न्यूज )




**उरई।** अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर इन्टैक उरई अध्याय, कानपुर बुंदेलखंड प्रान्तीय कला धरोहर समिति संस्कार भारती तथा भारत विकास परिषद स्वामी विवेकानंद शाखा उरई के संयुक्त तत्वावधान में जीवित विरासत अथवा अमूर्त धरोहर के अंतर्गत गुड्डा गुड़िया एवं खिलौना वीथिका का शुभारंभ शंख ध्वनि के मध्य मां वीणा पाणिनी तथा विघ्न विनाशक श्री गणेश जी के समक्ष, परिवार परामर्श केंद्र की प्रभारी इंस्पेक्टर श्रीमती पूनम यादव ने दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि श्रीमती पूनम यादव ने अवलोकन के समय कहा कि ऐसी वीथिकाओं से हमें अपनी प्राचीन गौरवमयी संस्कृति को पास से देखने का केवल अवसर ही नहीं मिलता बल्कि इनके माध्यम से हमें अपनी सनातन संस्कृति को अपने जीवन में जीने की प्रेरणा भी मिलती है । हमारी सनातन संस्कृति विश्व की श्रेष्ठतम संस्कृतियों में से है तथा विज्ञान की कसौटी पर भी पूर्ण रूपेण खरी है।

वीथिका संयोजक डॉक्टर हरीमोहन पुरवार ने वीथिका के उद्देश्य को स्पष्ट करते हुए कहा कि अक्षय तृतीया का दिन बहुत महत्वपूर्ण है। इसी दिवस पर श्री विष्णु अवतारी भगवान श्री परशुराम जी का अवतरण हुआ था। अपने बुंदेलखंड में इस दिवस को अमुहूरत दिवस के रूप में जाना जाता है । यह दिवस बच्चियों को संस्कारित करने का उपक्रम भी है। इसी दिवस पर बच्चियां गुड्डा गुड़ियों को सजाकर उनका विवाह संपन्न कराती हैं। वस्तुत इस दिवस पर गुड्डा गुड़िया का विवाह रचाना एक ऐसा कृत्य है जिसके माध्यम से बच्चियां पाणिग्रहण संस्कार के मूल्यों को हृदयंगम करते हुए उन्हें अपने भावी जीवन में जीने हेतु मन से संकल्पित होती हैं । अक्षय तृतीया के महात्व पर प्रकाश डालते हुये श्रीमती ऊषा सिंह निरंजन ने बतलाया कि तीव्र गर्मी के प्रभाव से बच्चों को बचाने तथा उन्हें संस्कारित करने हेतु गुड्डा गुडियों के विवाह का उपक्रम किया जाता है। इस वीथिका में तमाम प्रकार के वस्त्र, प्लास्टिक आदि से निर्मित गुड्डे गुड़ियों के अलावा श्री जगन्नाथ जी ,बहन सुभद्रा जी, श्री बलराम जी ,श्री कृष्ण जी, श्री राधा जी, श्री नरसिंह भगवान जी, श्री प्रहलाद जी, भस्मासुर ,श्री राम जी, श्री सीता माता जी ,श्री लखन लाल जी, श्री दशानन जी, श्री शिव जी ,माता पार्वती जी ,श्री नंदी जी आदि के गुड़िया स्वरूपों के साथ-साथ भगवान श्री विष्णु जी के श्री मत्स्य अवतार , श्री कूर्मअवतार , श्री वराह अवतार, श्री नरसिंह अवतार,श्री वामन अवतार, श्री परशुराम अवतार ,श्री राम अवतार ,श्री कृष्ण अवतार ,श्री बुद्ध अवतार तथा श्री कल्कि अवतार के गुड्डा गुड़िया स्वरूप भी प्रदर्शित किए गए । इस वीथिका में पारसी दंपति, सरदार दंपति, राजस्थानी दंपति, महाराष्ट्रीयन दंपति ,श्रेष्ठ सेठानी दंपति आदि के मॉडल भी वीथिका का आकर्षण बढ़ा रहे हैं ।वीथिका में लोक कला से ओतप्रोत टेराकोटा लकड़ी के श्री गणेश जी बहुत लुभाने लग रहे हैं। वीथिका के द्वितीय प्रभाग में अश्व, हस्ति ,पांडा ,टाइगर ,बिल्लो रानी, गिलहरी ,मछलियां ,खरगोश ,मोर, हिरन आदि खिलौनों के साथ-साथ उन्हीं के विभिन्न देशों द्वारा जारी किए गए अपरिचालित सिक्के तथा डाक टिकट भी प्रदर्शित किए गए। इन सिक्कों की विशेषता यह है यह सिक्के शुद्ध रजतीय तथा जानवरों के आकार के ही अत्यंत दुर्लभ एवं वर्तमान समय में लगभग अप्राप्त हैं। वीथिका में प्रदर्शित समस्त सामग्री श्रीमती संध्या पुरवार व डॉक्टर हरीमोहन पुरवार के निजी संग्रह से प्रस्तुत की गई। वीथिका की साज सजा में श्रीमती संध्या पुरवार कुमारी काजल राजपूत, का विशेष योगदान रहा । मुख्य अतिथि श्रीमती पूनम यादव को संध्या पुरवार उषा सिंह निरंजन ने श्री राम पट्टिका उढ़ाकर स्वागत किया तथा तदुपरान्त स्मृति चिन्ह भी भेंट किया। वीथिका में अवलोकनार्थ पधारे नवीन श्रीवास्तव ,सौरभ श्रीवास्तव ,प्रियंका अग्रवाल ,दर्श अग्रवाल, कुमारी परी पाटकार खुशी पाटकार, श्री किशोरी शरण शांडिल्य ,डॉक्टर विजय गुप्ता, डा0 मनोज दीवौलिया शिवशंकर रावत, श्रीमती रेखा रावत, श्रीमती अनुराधा , कु0 समीक्षा, कुलदीप गुप्ता महिपाल सिंह अर्धनारीश्वर, आदि का विशेष योगदान रहा। अन्त में भारत विकास परिषद के किशोरी शरण शांडिल्य ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

# कालपी में भूख से नही हुई मौत-एसडीएम

## पारिवारिक विवादू से जुड़ा प्रतीत

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** कालपी तहसील क्षेत्र के ग्राम धामनी में एक व्यक्ति की मृत्यु के मामले में उप जिलाधिकारी कालपी मनोज सिंह ने स्थिति स्पष्ट करते हुए बताया कि इस घटना का फसल नुकसान या आर्थिक तंगी से कोई संबंध नहीं पाया गया है। उन्होंने कहा कि तहसील स्तर पर कराई गई जांच में ऐसी कोई परिस्थिति सामने नहीं आई है, जिससे इस घटना को ओलावृष्टि या फसल क्षति से जोड़ा जा सके ।एसडीएम मनोज सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि दिनांक 19 अप्रैल 2026 को थाना क्षेत्र सिरसाकलार अंतर्गत ग्राम धामनी के ग्राम प्रधान द्वारा सूचना दी गई कि ग्राम निवासी अवधेश अवस्थी उर्फ बबलू अवस्थी (लगभग 45 वर्ष), जो दिल्ली में निजी नौकरी करते थे और करीब 10 दिन पूर्व ही गांव लौटे थे, ने घरेलू विवाद के चलते गांव के बाहर स्थित बगिया में नीम के पेड़ से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उन्होंने बताया कि सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस एवं फील्ड यूनिट मौके पर पहुंची और आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करते हुए पंचायतनामा की प्रक्रिया पूर्ण की गई। प्रारंभिक जांच में यह तथ्य भी सामने आया है कि मृतक के परिवार द्वारा लगभग 16 बीघा में बोई गई गेहूं की फसल की कटाई पहले ही कर ली गई थी। एसडीएम ने आगे बताया कि कालपी तहसील क्षेत्र में कहीं भी ओलावृष्टि अथवा अतिवृष्टि से फसल प्रभावित होने की पुष्टि नहीं हुई है। ग्राम धामनी में भी किसी प्रकार की फसल क्षति की स्थिति नहीं पाई गई। उन्होंने कहा कि प्रथम दृष्टया यह मामला पारिवारिक विवाद से जुड़ा प्रतीत होता है, जिसकी जांच पुलिस द्वारा की जा रही है।

# गर्मी में बीमारी से बचने के लिए सीएमओ की कीमती सलाह

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 वीरेन्द्र सिंह ने बताया कि हीट वेव की स्थिति शरीर की कार्य प्रणाली पर प्रभाव डालती है, तत्काल उचित उपचार उपलब्ध न होने स्थिति में प्रभावित व्यक्ति की मृत्यु भी हो सकती है। हमेशा याद रखे, तेज बुखार, सिर दर्द मतली या उल्टी आना, घबराहट एवं चक्कर आना आदि हीट वेव/लू लगने के लक्षण होने पर तुरन्त नजदीकी चिकित्सालय में उपचार लें तथा हीट वेव के प्रभावों को कम करने के लिये निम्न तथ्यों पर ध्यान देना चाहिये। उन्होंने बताया कि हीट स्ट्रोक के लक्षण- गर्म, लाल, शुष्क त्वचा का होना, पसीना न आना। तेज पल्स होना। उथले श्वास गति में तेजी। व्यवहार में परिवर्तन, भ्रम की स्थिति। सिरदर्द, मतली, थकान और कमजोरी होना, चक्कर आना। मूत्र न होना अथवा इसमें कमी। उन्होंने बताया कि क्या करें- अधिक से अधिक पानी पियें ।पसीना सोखने वाले पतले व हल्के रंग के वस्त्र ही पहनें। धूप में जाने से बचें यदि धूप में जाना जरूरी हो तो चश्में, छाते, टोपी व चप्पल आदि का प्रयोग करें। यदि आप खुले में कार्य करते है तो सिर, चेहरा, हाथ-पैरों को गीले कपडे से ढके रहें और यदि सम्भव हो तो छाते का उपयोग करें। ओ0आर0एस0 एवं घर में बने हुये पेय पदार्थ जैसे लस्सी, चावल का पानी (मांड), नीबू पानी, छाछ आदि का उपयोग करें ताकि शरीर में पानी की कमी की भरपाई हो सके। हीट स्ट्रोक (लू) के मुख्य लक्षणों में शरीर में कमजोरी का होना, चक्कर आना, सिर में तेज दर्द, उबकाई आना, पसीना आना, कैम्प (मरोडं / ऐंठन) और कभी-कभी मूर्छा (बेहोशी) आना प्रमुख है। इसके लिये तुरन्त चिकित्सक की सलाह लें। घरेलू/पालतू जानवरों को छायादार स्थानों पर रखें और उन्हें पर्याप्त मात्रा में पानी पीने को दें। गर्भवती महिलाओं, छोटे बच्चों व बुजुर्गों की विशेष देखभाल करें। उन्होंने बताया कि क्या न करें- धूप में खड़े वाहनों में बच्चों एवं पालतू जानवरों को न छोड़ें। दिन के 11 बजे से 3 बजे के बीच बाहर न निकलें। गहरे रंग के भारी एवं तंग वस्त्र पहनने से बचें। खाना बनाते समय कमरे के दरवाजे के खिडकी एवं दरवाजे खुलें रखें जिससे हवा का आना जाना बना रहें। नशीले पदार्थ, शराब तथा अल्कोहल के सेवन से बचें। उच्च प्रोटीन युक्त खाद्यय पदार्थ का सेवन करने से बचें। बासी भोजन न करें। भारी कार्य तथा ज्यादा शारीरिक व्यायम से बचें।

# डीएम राजेश पांडे ने पूरी संवेदनशीलता से सुनी फरियादियों की समस्याएं

## हर प्रार्थना पत्र पर गंभीरता, अधिकारियों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट स्थित अपने कार्यालय में सुबह से ही जनसुनवाई कर दूर-दराज से आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुना। जनसुनवाई के दौरान विभिन्न तहसीलों और ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने भूमि विवाद, राजस्व संबंधी मामलों, पात्रता आधारित योजनाओं के लाभ, आवास, पेंशन एवं अन्य जनहित से जुड़े मुद्दों को जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया। जिलाधिकारी ने प्रत्येक प्रार्थना पत्र को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर तय समयसीमा के भीतर सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई केवल औपचारिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि आमजन की अपेक्षाओं और प्रशासन के प्रति उनके विश्वास का प्रतीक है, इसलिए हर समस्या का समाधान पारदर्शिता और संवेदनशीलता के साथ किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए और लंबित प्रकरणों को किसी भी स्थिति में अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि शिकायतकर्ता को निस्तारण की जानकारी समय पर उपलब्ध कराई जाए।

# मान्यता न होने से तीन निजी विद्यालय सीज

## -संयुक्त टीम की कार्रवाई से शिक्षा माफियाओं में हड़कंप

( यंग भारत न्यूज )







**कालपी –उरई ।** शिक्षा अधिकारी रंगनाथ चौधरी के नेतृत्व में प्रशासन व राजस्व तथा पुलिस विभाग की संयुक्त टीम के द्वारा निजी विद्यालय की चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान अलग-अलग स्थान में संचालित हो रहे गैर मान्यता से संचालित तीन निजी स्कूलों को सीजकर के विभागीय कार्रवाई शुरू कर दी गई है। विभाग की इस बड़ी कार्रवाई से शिक्षा माफियाओं में खलबली मच गई है।

उल्लेखनीय हो कि जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों को संज्ञान में आया था कि कई जगह गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों का संचालन किया जा रहा है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए मंगलवार को खंड शिक्षा अधिकारी रंगनाथ चौधरी नायब तहसीलदार मुकेश कुमार चंद्र मोहन शुक्ला व इलाकाई पुलिस ने महेवा ब्लॉक के ग्रामों के स्कूलों की चेकिंग की। इस दौरान जेके चंदेल पब्लिक स्कूल महेवा, विजडन एकेडमी पब्लिक स्कूल आटा तथा इंडियन पब्लिक स्कूल आटा मैं मान्यता के प्रपत्र शिक्षक लोग टीम के समक्ष प्रस्तुत नहीं कर सके। फल स्वरुप टीम के द्वारा गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों को सीज कर दिया गया। गैर मान्यता के विद्यालयों के चीज हो जाने से शिक्षा माफियाओं में हड़कंप मच गया।

# ग्राम अकबरपुर के सुने घर मे चोरों ने मारा धावा, लाखो के जेवर और नकदी चोरी

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ।** जनपद के माधोगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अकबरापुर में चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के जेवरात और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम अकबरापुर निवासी मुलु सिंह अपनी पत्नी पुष्पा के साथ किसी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए घर से बाहर गए हुए थे। देर रात करीब 1 बजे दंपत्ति वापस लौटे और बिना किसी अनहोनी की आशंका के सो गए। सुबह जब पुष्पा की नींद खुली और उन्होंने घर के अंदर रखी अलमारी देखी तो उसके ताले टूटे हुए पाए। अलमारी का सामान बिखरा पड़ा था और उसमें रखे सोने-चांदी के जेवरात समेत नकदी गायब थी। यह देख उनके होश उड़ गए और उन्होंने तुरंत अपने पति को जानकारी दी। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू कर दी। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और चोरों की तलाश में जुट गई है। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों में भय और आक्रोश का माहौल है। लोगों ने पुलिस गश्त बढ़ाने और जल्द से जल्द चोरी का खुलासा करने की मांग की है।

# शिवलोक मंदिर कालपी में मूर्ति स्थापना कार्यक्रम 22 अप्रैल से

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी –उरई ।** धर्मनगरी कालपी में हाईवे रोड स्थित धर्म स्थल मां शीतला देवी मंडी समिति के पास कालपी में मूर्ति स्थापना कार्यक्रम 22 अप्रैल से शुरू होगा। इस सम्बन्ध में संजय कुमार सविता बताते हैं कि मैंने अपने स्वर्गीय पिता राजेन्द्र कुमार सविता जी यादगार में एक मन्दिर का निर्माण माता शीतला देवी के प्रांगण में करवाया जाएगा। इसी दौरान उन्होंने बताया कि देव स्नान, पूजन, प्राण प्रतिष्ठा, जाप 22 अप्रैल को होगा। देव स्नान, पूजन, श्रृंगार, नगर भ्रमण, देव मिलन, 23 अप्रैल को होगा। नगर भ्रमण यात्रा हमारे निज निवासी स्थान आलमपुर से प्रारंभ होगी। पूजन, स्थापना, रुद्राभिषेक, पैर पाखराई, हवन, महा आरती व प्रसाद वितरण 24 अप्रैल को होगा। इस कार्यक्रम का का आयोजन संजय कुमार सविता, विवेक कुमार, चंद्रशेखर आदि लोग सहभागिता की।

# पत्नी को पीटने वाला पति पुलिस के शिकंजे में

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई ।** पत्नी के साथ अभद्रता व उसकी पिटाई करने की शिकायत पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर की है। पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ कार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नारोभास्कर निवासी गुलफशां ने पुलिस को बताया कि उसका पति दानिश आए दिन घर में विवाद करता रहता है। कई बार परिवार के लोगों ने समझाने की कोशिश की लेकिन बात सुनने को तैयार नहीं है। मंगलवार को दोनों कोतवाली में थे। दानिश कोतवाली परिसर में ही गुलफशा के साथ झगड़ा करने लगा। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी के पति के खिलाफ कार्रवाई की है।

# उरई में दिव्यांग मजदूर ने घर में फांसी लगाकर दी जान

( यंग भारत न्यूज )



**उरई** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला रामनगर में एक दुखद घटना सामने आई है, जहां एक दिव्यांग मजदूर ने अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना से इलाके में शोक का माहौल है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रामनगर निवासी देवकरण (47 वर्ष) मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। बताया जा रहा है कि अज्ञात कारणों के चलते उन्होंने यह कदम उठा लिया। परिजनों को घटना की जानकारी तब हुई जब उन्होंने देवकरण को घर के अंदर मृत अवस्था में देखा। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आत्महत्या के कारणों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। इस घटना से परिवार में कोहराम मच गया है, वहीं मोहल्ले के लोग भी स्तब्ध हैं।

# अभियान के तहत विधुत सब स्टेशन में चला अनुरक्षण कार्य

( यंग भारत न्यूज )



**कालपी –उरई ।** विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को दुरुस्त रखने के उद्देश्य से विधुत सब स्टेशन तथा नगरीय क्षेत्र कालपी में लाइनों स्वच्छता अभियान संरक्षण का कार्य चलाया गया ।विधुत उपखण्ड अधिकारी धर्मेंद्र सिंह सचान ने दावा किया है कि अनुरक्षण कार्य का पूरा हो जाने से आपूर्ति व्यवस्था में सुधार हो जाएगा।

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड के निर्देशन के अनुरूप उपखण्ड अधिकारी धर्मेंद्र सिंह सचान,आवर अभियंता सत्य प्रकाश गौतम अभिषेक धीर की देखरेख में मंगलवार को बिधुत सब स्टेशन कालपी के परिसर में झाड़ झाड़ियों को काटने छाटने का काम शुरू किया गया जो शाम तक चलता रहा ।अनुरक्षण कार्यों की वजह से पोषित उपभोक्ताओं की विधुत आपूर्ति बेहतर तरीके से मिलने लगेगी। दिलीप कुमार रिंकू पोरवाल फहमीद खान अजय निगम समेत लाइनमैन तथा विभाग के कर्मचारी संरक्षण के कार्य में जुटे रहे। विभागीय सूत्रों के मुताबिक विधुत सब स्टेशन के इंसुलेटर, डिस्क तथा उपकरणों को चैक करके मरम्मत की गयी। तथा नए उपकरण लगाए गए।

# वारंटी गिरफ्तार

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ।** वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना डकोर पुलिस द्वारा वारण्टी अभियुक्त नरेन्द्र पुत्र संतराम यादव निवासी ग्राम डकोर थाना डकोर जनपद जालौन को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी।

# गोहन क्षेत्र में किशोर ने फांसी लगाकर दी जान, गांव में शोक का माहौल

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ।** जनपद के गोहन थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पृथ्वीपुरा में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। यहां 15 वर्षीय किशोर शिव जी ने अपने ही घर के कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। घटना से पूरे गांव में शोक और सन्नाटा छा गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शिव जी घर पर ही था। कुछ देर बाद परिजनों ने उसे कमरे में लटका हुआ देखा, जिसके बाद हड़कंप मच गया। आनन-फानन में उसे नीचे उतारा गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का बताया जा रहा है, हालांकि पुलिस घटना के कारणों की जांच में जुटी है। घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है, वहीं गांव में भी गहरा दुख व्याप्त है।

# शराब के नशे में लोगों के साथ अभद्रता कर रहे युवक का पुलिस ने किया चालान

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई ।** तिराहे पर शराब के नशे में आने जाने वाले लोगों के साथ अभद्रता व गाली, गलौज किए जाने की सूचना पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लौना निवासी दीप सिंह किसी काम के चलते जालौन आया था। शराब के नशे में वह लौना मोड़ पर पहुंच गया और वहां से निकलने वाले लोगों के साथ गाली, गलौज व अभद्रता करने लगा। लोगों ने समझाने का प्रयास किया फिर भी नहीं माना जिसके बाद उन्होंने इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की है।

# संदिग्ध अवस्था में एक युवक की हुई मौत, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

( यंग भारत न्यूज )

**बबेरू/बांदा ।** बबेरू कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत कोरम गांव निवासी अजय पटेल पुत्र ज्ञान बाबू उम्र करीब 24 वर्ष, की संदिग्ध अवस्था पर मौत हो गई, परिजनों के द्वारा तुरंत अजय पटेल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बबेरू लेकर पहुंचे, जहां पर डॉक्टर द्वारा देखते ही परीक्षण करने के बाद मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनकर परिवार में कोहराम मच गया, सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची बबेरू कोतवाली पुलिस के द्वारा शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज बांदा भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक मृतक के एक पुत्र व एक लड़की है। इस घटना को देखते हुए मृतक की पत्नी सुहानी देवी मां उमा देवी पुत्र अमन पुत्री ज्योति सहित पूरे परिवार जनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र सिंह राजावत ने बताया की मृत्यु का कारण स्पष्ट जानने के लिए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्टर आने के बाद ही आगे की कार्यवाही की जाएगी।

# अधिवक्ता एसोसिएशन कालपी का चुनाव कार्यक्रम 8 मई को

## एल्डर्स कमेटी की तैयारी पूरी

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी –उरई ।** अधिवक्ता एसोसिएशन कालपी 2026 का वार्षिक चुनाव आगामी 8 मई को चाक चौबंद व्यवस्थाओं के बीच संपन्न कराया जाएगा इसके लिए एल्डर्स कमेटी के द्वारा कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है।

इस संबंध में एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष बृज नारायण तिवारी ने निर्वाचन कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि अधिवक्ता एसोसिएशन की सूची को घोषित कर दिया गया है। जिसमें 126 मतदाता हैं। उन्होंने बताया कि अधिवक्ता एसोसिएशन कालपी के अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, महामंत्री, कोषाध्यक्ष, संयुक्त मंत्री व वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्यों तथा कनिष्ठ कार्यकारिणी सदस्यों के मतों के लिए 8 मई 2026 को सुबह 8:00 बजे से 2:00 बजे तक मतदान होगा तथा ढाई बजे के बाद मतगणना एवं चुनाव परिणाम की घोषणा की जाएगी। निर्वाचन अधिकारी जयवीर सिंह यादव के मुताबिक प्रत्याशियों के नामांकन 28 व 29 अप्रैल को प्रस्तुत किए जाएंगे। 30 अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। 1 मई को नामांकन वापसी तथा 8 मई को चुनाव होगा। एल्डर्स कमेटी के सदस्यों अनिल पुरवार, राधेश्याम गुप्ता, हरे कृष्णा पाठक व सैयद इकबाल हुसैन के द्वारा चुनाव को लेकर तैयारी कराई गई हैं। चुनाव को लेकर अधिवक्ताओं के बीच सरगर्मी बढ़ गई है।

# उर्स शम्से के 417 वें सालाना उर्स मुबारक में दीन पर चलने की नसीहत दी

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी –उरई ।** हजरत मौलाना मीर सैयद शमसुद्दीन कादरी अल- गिलानी की यादगार में जश्ने ईद मिलादुन्नबी 417 उर्स मुबारक शाम से कालपी धूमधाम पूर्वक मनाया गया। इस मौके पर इस्लामी विद्वानों ने सच्चाई नेकी तथा ईमानदारी पर चलने की नसीहत दी।

बीती रात को खानकाह कादरिया शमसिया कर्बला के परिसर में मीर सैयद अफताबुल हसन कादरी अल गिलानी की सर परस्ती व अध्यक्षता में आयोजित उर्स की महफिल में मुख्य अतिथि के तौर पर पधारे मौलाना अमीनुल कादरी मालेगांव ने अपने संबोधन में कहां कि हम सभी लोगों को सच्चाई, नेकी तथा ईमानदारी के रास्ते पर चलना चाहिए। कार्यक्रम में मौलाना वजीउद्दीन रिजवी खीरी, मौलाना सैयद शादाब जाफरी कड़ा, सैयद सोहेल मियां देवा शरीफ, सैयद शहनूर मियां,सैयद जायद मियां, खानकाह मोहम्मदिया दारुल उलूम कालपी के प्रिंसिपल मौलाना अशफाक अहमद बरकाती ने तकरीर करते हुए पीराने पीर दस्तगीर बड़े पीर साहब, हिंद उल वली ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती रहमतुल्लाह गरीब नवाज अजमेरी की जिंदगी एवं नेकियों के बारे में जानकारियां देते हुए कहा कि हम सबको वलियों के बताये रास्ते पर चलना चाहिए। उर्स के मौके पर आयोजित समूहिक फातिहा में मुल्क तथा कौम की तरक्की, खुशहाली के लिए दुआएं मांगी गई। हाफिज इरशाद अशरफी, मौलाना तारिक बरकती, फहीम ठेकेदार परवेज आलम कुरैशी एडवोकेट, हाफिज इरशाद कुरैशी समेत भारी संख्या में अकीदतमंदों के द्वारा हिस्सा लिया गया। समापन के अवसर पर आयोजित लंगर में आकीकत मन्दो ने जमकर स्वाद चखा।

# उरई में हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर युवक की मौत, डेकोरेशन के दौरान हुआ हादसा

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ।** उरई शहर के राजेंद्र नगर इलाके में मंगलवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया, जहां डेकोरेशन का काम कर रहे एक युवक की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जनपद संभल के ग्राम रिठ निवासी प्रदीप सैनी (23 वर्ष) पुत्र राम औतार उरई के राजेंद्र नगर स्थित अष्टीका गेस्ट हाउस में डेकोरेशन का कार्य कर रहा था। इसी दौरान पास से गुजर रही एचटी लाइन की चपेट में आ गया। करंट लगते ही वह गंभीर रूप से झुलस गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि मृतक प्रदीप सैनी राजेंद्र नगर में किराये के मकान में रहकर मजदूरी करता था। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस हादसे के बाद इलाके में शोक का माहौल है, वहीं परिजनों को सूचना दे दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# लखनऊ के KGMU से फर्जी डॉक्टर गिरफ्तार, लड़कियों को बहला-फुसलाकर धर्मांतरण की साजिश रचने का आरोप

( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** लखनऊ के किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (KGMU) में एक फर्जी डॉक्टर को पकड़े जाने का मामला सामने आया है, जिस पर मेडिकल कैम्प के जरिए हिंदू लड़कियों और फीमेल मेडिकोज को ब्रेनवॉश कर धर्मांतरण की साजिश करने का आरोप है.



KGMU प्रशासन ने आरोपी को हिरासत में लेकर पुलिस के हवाले कर दिया है. आरोपी की पहचान हसन अहमद के रूप में हुई है. आरोप है कि वह खुद को डॉक्टर बताकर मेडिकल कैम्प आयोजित करता था और इनमें शामिल फीमेल स्टूडेंट्स व युवा डॉक्टरों को बहला-फुसलाकर अपने प्रभाव में लेने की कोशिश करता था.

आरोपी के आयोजित कैम्प में विश्वविद्यालय के कुल 20 मेडिकोज ने हिस्सा लिया था. इस मामले की जांच में सामने आया है कि हसन अहमद AIIMS दिल्ली में अमेरिकी डॉक्टर से मिलवाने के नाम पर लड़कियों को बाहर ले जाने की फिराक में था. आरोप है कि वह खास तौर परचत्तरूकी फीमेल स्टूडेंट्स को निशाना बना रहा था और उन्हें बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाने की कोशिश कर रहा था. बताया गया है कि आरोपी ब्रेनवॉश करने के लिए सोशल मीडिया का भी इस्तेमाल करता था और हिंदू मेडिकल स्टूडेंट्स को टारगेट कर रहा था.

### इंटर पास आरोपी, बड़े नेटवर्क की आशंका

पुलिस जांच में यह भी तथ्य सामने आया है कि पकड़ा गया फर्जी डॉक्टर सिर्फ इंटरमीडिएट पास है, जबकि वह खुद को मेडिकल प्रोफेशनल बताकर लोगों को गुमराह कर रहा था. इस मामले में पुलिस को आशंका है कि हसन अहमद किसी बड़े धर्मांतरण गिरोह से जुड़ा हो सकता है. फिलहाल पुलिस उससे पूछताछ कर रही है और यह जांच की जा रही है कि उसके नेटवर्क में और कौन लोग शामिल हैं और वह अब तक किन-किन लोगों को अपने प्रभाव में ला चुका है.

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार, नशीला पदार्थ पिलाकर बनाया वीडियो, धमकी देकर किया शोषण

( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** प्रदेश में लखनऊ के सरोजनीनगर में एक युवती को नशीला पदार्थ पिलाकर बलात्कर करने व अश्लील वीडियो बनाकर शारीरिक शोषण करने के आरोपी को पुलिस ने मंगलवार को दबोच लिया। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी के कब्जे से घटना में उपयोग लिया मोबाइल बरामद करने का दावा किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर उसे जेल भेज दिया। सरोजनीनगर प्रभारी निरीक्षक राजदेव राम प्रजापति के मुताबिक बीते 15 नवंबर 2025 को थाना क्षेत्र की पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि सरोजनीनगर के आजादनगर निवासी उवैश अली से उसकी दोस्ती हुई थी।




पीड़िता ने आरोप लगाया कि कोल्डड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया और घटना का वीडियो भी बना लिया। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने शादी का झांसा देकर उसके साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाए और जब पिता ने उसे पर शादी करने का दबाव बनाया तो आरोपी ने शादी से इनकार कर दिया। साथ ही विरोध करने पर आरोपी ने वीडियो वायरल करने और जान से मारने की धमकी दी।पुलिस का कहना है की पीड़िता की तहरीर पर मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की गयी। इसके बाद पुलिस टीम आरोपी की तलाश में जुटी गयी। तभी मुखबिर की सूचना पर मंगलवार को कमर्शियल तिराहे के पास से आरोपी उवैश अली (24) को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने उसके पास से घटना में प्रयुक्त एक रेडमी 5जी मोबाइल फोन भी बरामद किया है। पुलिस टीम में निरीक्षक सुरेश नारायण मिश्रा व कांस्टेबल सतेन्द्र सिंह शामिल रहे। पुलिस का कहना है कि आरोपी को गिरफ्तार कर मंगलवार को उसे जेल भेज दिया गया है।

# कांग्रेस, सपा, TMC के कृत्य महिला विरोधी...', विपक्ष के खिलाफ सड़क पर उतरी BJP

( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** महिला आरक्षण के मामले पर विपक्ष को घेरने में जुटी भारतीय जनता पार्टी (BJP) अब इस मुद्दे को लेकर सड़क पर उतर गई है। इसी क्रम में बीजेपी के वरिष्ठ नेताओं ने महिलाओं के साथ मिलकर उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में मंगलवार को 'जनाक्रोश महिला पदयात्रा' निकाली।



इस पदयात्रा की शुरुआत करते हुए यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और तृणमूल कांग्रेस के कृत्य महिला विरोधी हैं। बीजेपी आरोप लगा रही है कि इन विपक्षी दलों ने महिला आरक्षण से संबंधित संविधान संशोधन विधेयक को पारित करने में रुकावट डाली। इस मौके पर यूपी के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि जिस तरह से विपक्ष ने विरोध किया है, आने वाले चुनाव में कांग्रेस और समाजवादी पार्टी को इसकी कीमत चुकानी होगी। बता दें कि संसद के विशेष सत्र में परिसीमन बिल पास कराने में असफल हुई बीजेपी का कहना है कि अब वह इस मुद्दे को लेकर जनता के बीच जाएगी। बीजेपी का कहना है कि विपक्ष ने महिला आरक्षण के लिए जरूरी बिल पास नहीं होने दिया। वहीं, विपक्षी दलों का कहना है कि जो बिल लाए गए थे वे परिसीमन के लिए थे और बिना उनके भी महिला आरक्षण लागू किया जा सकता है।

### विपक्षियों पर बरसे योगी आदित्यनाथ

इस मौके पर विपक्षी दलों को आड़े हाथ लेते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा, 'आज बहनों के नेतृत्व में यह आक्रोश मार्च कांग्रेस, टीएमसी, डीएमके और सपा के महिला विरोधी रवैये के खिलाफ है। इन पार्टियों का चेहरा अलोकतांत्रिक है। इनके कृत्य महिला विरोधी हैं। इनके सामने पीएम मोदी ने विकल्प दिया था कि ये अपनी महिला विरोधी छवि खत्म कर सकें लेकिन इन लोगों ने उसका नाजायाज विरोध किया है।'सीएम योगी ने कहा कि यह आक्रोश कांग्रेस और सपा समेत विपक्षी दलों के महिला विरोधी आचरण के खिलाफ देश भर में है। उन्होंने कहा कि खासतौर से आधी आबादी के मन में यह आक्रोश है और लखनऊ में हजारों की संख्या में बहनें इसमें शामिल हुई हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पदयात्रा कालिदास मार्ग से शुरू होकर सिविल अस्पताल होते हुए विधान भवन तक जाएगी। आक्रोश मार्च में शामिल लोग सपा-कांग्रेस के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे। इस पदयात्रा में बीजेपी सरकार के मंत्रियों और पदाधिकारियों के साथ ही सहयोगी दलों के नेताओं की मौजूदगी संविधान संशोधन विधेयक पर कांग्रेस-सपा के रुख के खिलाफ एकजुटता प्रदर्शित कर रही थी।बीजेपी की महिला पदाधिकारियों ने भी इसमें बढ़-चढ़कर भाग लिया। महिला कार्यकर्ताओं के हाथों में नारे लिखी तख्तियां थीं। इस यात्रा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अलावा बीजेपी के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह, प्रदेश बीजेपी के अध्यक्ष और केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, महिला एवं बाल विकास मंत्री बेबी रानी मौर्य और ऊर्जा मंत्री एके शर्मा शामिल हुए। पदयात्रा में राज्य सरकार में मंत्री और बीजेपी के सहयोगी दलों के नेता आशीष पटेल और ओम प्रकाश राजभर भी शामिल हुए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पदयात्रा शुरू करते हुए भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारे दिए।

# पुरुषों को एक और महिलाओं को 2 लाख रुपये, बंधुआ श्रम खत्म करने के लिए योगी सरकार का नया प्लान तैयार

( यंग भारत न्यूज )

प्रदेश को बंधुआ श्रम से पूरी तरह मुक्त करने के प्रयास तेज किए जा रहे हैं और इसका असर भी दिखने लगा है। श्रमिकों को बंधन से मुक्त कराकर उन्हें आर्थिक सहायता के जरिये पुनर्वास से जोड़ा जा रहा है, लेकिन इसकी रफ्तार अभी धीमी है। पिछले वर्ष प्रदेश में 165 बंधुआ श्रमिकों की पहचान की गई। इनमें से 87 श्रमिकों का ही पुनर्वास हो सका है।



बंधुआ श्रमिकों के पुनर्वास के लिए राज्य सरकार हर वर्ष अपने बजट में 25 करोड़ रुपये का प्रविधान करती है, जिसकी प्रतिपूर्ति बाद में भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय से की जाती है। योजना के तहत श्रमिकों को तीन श्रेणियों में आर्थिक सहायता दी जाती है।

### पुरुष श्रमिकों को एक लाख

पहली श्रेणी में पुरुष श्रमिकों को एक लाख रुपये दिए जाते हैं। दूसरी श्रेणी में बच्चों, अनाथों, जबरन भीख मंगवाने या अन्य प्रकार के शोषण से मुक्त कराए गए श्रमिकों और महिलाओं को दो लाख रुपये मिलते हैं। तीसरी श्रेणी में यौन शोषण, तस्करी, वेश्यावृत्ति या गंभीर उत्पीड़न के शिकार बच्चों, महिलाओं और ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को तीन लाख रुपये तक की सहायता प्रदान की जाती है। पुनर्वास प्रक्रिया की निगरानी के लिए प्रदेश में मजबूत ढांचा भी तैयार किया गया है। सभी 75 जिलों में जिला स्तरीय सतर्कता समितियां गठित हैं, जो ऐसे मामलों की निगरानी करती हैं और समय-समय पर उनका पुनर्गठन भी किया जाता है, ताकि व्यवस्था सक्रिय बनी रहे। श्रम विभाग पुनर्वासन प्रक्रिया को और तेज व प्रभावी बनाकर प्रदेश को इस कुप्रथा से मुक्त कराने का प्रयास कर रहा है।

# चार हजार में करा सकते हैं मोबाइल टावर के रेडिएशन की जांच

## लखनऊ में दूरसंचार विभाग ने शुरू की सुविधा

( यंग भारत न्यूज )



**लखनऊ।** घर के आसपास मोबाइल फोन के टावर लगे हैं तो क्या वे रेडिएशन मानकों का अनुपालन कर रहे हैं या नहीं अगर आपके मन में भी ऐसा प्रश्न है तो इसकी जांच करा सकते हैं। इसके लिए आप दूरसंचार विभाग के 'तरंग संचार' पोर्टल जांच शुल्क चार हजार रुपये देना होगा। हाल ही में कानपुर में इस तरह की जांच कराई गई हैं, लेकिन टावर रेडिएशन के मानकों के अनुरूप मिले। दूरसंचार विभाग उत्तर प्रदेश पूर्व क्षेत्र के अपर महानिदेशक अरुण कुमार वर्मा ने बताया कि 4जी, 5जी मोबाइल फोन टावरों से उत्सर्जित होने वाले इलेक्ट्रोमैग्नेटिक फील्ड (ईएमएफ) रेडिएशन पूर्णतः सुरक्षा मानकों के अनुरूप होते हैं। 2जी से लेकर 5जी तक सभी मोबाइल नेटवर्क नान-आयनाइजिंग रेडियो फ्रीक्वेंसी का उपयोग करते हैं। इन तरंगों में ऊर्जा का स्तर इतना कम होता है कि वे मानव शरीर अथवा डीएनए को क्षति नहीं पहुंचा सकतीं। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इस तथ्य की पुष्टि की है। केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित ईएमएफ उत्सर्जन मानक अंतरराष्ट्रीय मानकों की तुलना में दो गुणा अधिक कठोर हैं। उन्होंने बताया कि दूरसंचार सेवा प्रदाता सभी टावरों का स्व-प्रमाणन प्रस्तुत करते हैं, जिसके बाद विभाग की टीम द्वारा प्रतिवर्ष कुल लगाए गए मोबाइल टावर के पांच प्रतिशत टावरों का औचक निरीक्षण और ईएमएफ रेडिएशन अनुपालन परीक्षण करती है। उत्तर प्रदेश (पूर्व) एलएसए क्षेत्र में स्थापित कुल 1,21,866 बेस ट्रांसीवर स्टेशन (बीटीएस) लगे हैं। इनमें से 6,240 बीटीएस का वर्ष 2025-26 में ईएमएफ रेडिएशन अनुपालन परीक्षण किया गया है। ये सभी बीटीएस सुरक्षा मानकों के अनुरूप मिले हैं। इस दौरान उपमहानिदेशक (प्रशासन) अरविंद कुमार मिश्रा, उपमहानिदेशक (अनुपालन) अरविंद कुमार व दूरसंचार निदेशक बीरेंद्र मौर्य उपस्थित रहे।

# अखिलेश ने सीमा राजभर को महिला मोर्चा का अध्यक्ष बनाया : पूर्वांचल के राजभर वोट बैंक पर नजर; कहा- भाजपा विपक्ष में रहने की प्रैक्टिस कर रही

**लखनऊ।** अखिलेश यादव ने सीमा राजभर को समाजवादी पार्टी महिला मोर्चा का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया है। बलिया की रहने वाली सीमा राजभर यूपी सरकार में मंत्री ओपी राजभर की पार्टी में रह चुकी हैं। सीमा सुभासपा से बलिया की महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष थीं।

2022 विधानसभा चुनाव के बाद उन्होंने मंत्री राजभर और उनके बेटे अरविंद राजभर पर महिलाओं के शोषण और पार्टी में परिवारवाद का आरोप लगाया था। 2022 के अंत में वह सपा में शामिल हो गई थीं। सपा ने उन्हें छात्र सभा का राष्ट्रीय सचिव बनाया था। वहीं, इससे पहले सपा की मौजूदा राष्ट्रीय अध्यक्ष जूही सिंह थीं। अखिलेश यादव ने सीमा राजभर के नाम की घोषणा जूही सिंह से ही कराई। अखिलेश यादव ने मीडिया के सामने जूही सिंह से कहा कि आपको और बड़ी जिम्मेदारी मिलेगी। भाजपा की जनाक्रोश रैली पर तंज कसते हुए सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा- सुना है पदयात्रा हो रही थी लखनऊ में। इतनी भीषण गर्मी में कोई काला चश्मा नहीं लगाया था। ये पहली सरकार है जो सत्ता पक्ष में रह कर विपक्ष की प्रैक्टिस कर रही है। फतेहपुर में चायवाले की दुकान की जांच पर भी बिना नाम लिए कटाक्ष किया। कहा- चायवाला कहता था कि मेरे से अच्छी चाय कोई नहीं बना सकता। शायद इसी बात की नाराजगी रही होगी। मंगलवार को सपा प्रमुख, सपा कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। इसी दौरान सपा महिला मोर्चा की नई राष्ट्रीय अध्यक्ष का भी ऐलान कर दिया है। निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष जूही सिंह ने बलिया की रहने वाली सीमा राजभर को नया अध्यक्ष घोषित किया। दरअसल, पूर्वांचल में राजभर वोट बैंक में सेंधमारी करने के लिए सीमा राजभर को महिला विंग की कमान सौंपी है। सीमा राजभर, पूर्व में ओम प्रकाश राजभर की सुभासपा से जुड़ी थीं। लेकिन पार्टी छोड़ने के बाद बलिया की रहने वाली सीमा, मंत्री राजभर के खिलाफ बोलती रहती हैं। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा- समाजवादी लोग महिला आरक्षण के पक्ष में रहे हैं। कोई आरक्षण को रोकना चाहता है तो वह भाजपा है। हम उनकी बदनीयत को कामयाब नहीं होने देंगे। जो लोग गिनना नहीं चाहते हैं, वो जानते हैं कि जब जनगणना होगी तो लोग अपनी जाति की जनगणना की मांग करेंगे। जब जाति जनगणना की बात होगी तो लोग अपने अधिकारों की बात करेंगे। इसलिए भाजपा की कोशिश थी कि जनता को गुमराह करें। अब अपनी बदनीयत की हार को छिपाने के लिए ये लोग दिखावा करते हुए प्रदर्शन कर रहे हैं। ये लोग महिलाओं में बंटवारा करना चाहते थे लेकिन हम लोगों ने मिलकर रोक दिया। अखिलेश ने कहा- हिटलर के जमाने में प्रोपगंडा के लिए एक मिनिस्टर बनाया जाता था। लेकिन भाजपा सरकार में जितने लोग संवैधानिक पदों पर बैठे हैं, वह भी सरकार का काम कर रहे हैं। भाजपा हारते समय कुछ भी कर सकती है। अब वह हार रही है। जाएगी तो लौट कर कभी नहीं आएगी। जो लोग ये झूठ बोल सकते हैं जो बिल पास हो चुका हो, उसके विरोध में सड़क पर घूम रहे हों। शपथ लिए हुए लोग। वो झूठ बोलकर अपना उल्लू सीधा करना चाहते हैं। एक नौजवान ने मुझे चाय पिला दी तो उसकी दुकान बंद करा दी। चायवाला नौजवान कहता था कि मेरे से अच्छा चाय कोई नहीं बना सकता। शायद इसी बात की नाराजगी रही होगी। पीडीए में जेन-जी के रोल पर जवाब देते हुए अखिलेश ने कहा- पीडीए ही जेन जी है। जो बहुजन समाज था, वो ही पीडीए है। इतिहास में पहली बार एक समुदाय एक दल को हराने जा रहा। समुदाय का नाम है पीडीए परिवार। हम सब का मानना है कि जिनके दुख दर्द, पीड़ा प्रताड़ना... सब मिलकर के भाजपा का मुकाबला कर पीडीए सरकार बनाने जा रहे हैं। महिलाओं को आरक्षण के साथ-साथ जरूरत है संरक्षण की। आज बताइए आंकड़े क्या बताते हैं ? हम और आप...यहां जितने लोग हैं...हमारा यह जेन-जी नौजवान जानता होगा कि व्यू से पता लगता है कि आप कितना ट्रेंडिंग में हैं। व्यूज कितने हैं। उससे पता लगता है कि टीआरपी क्या है आपकी।

# योगी सरकार के कैबिनेट विस्तार में दिखेगा महिला कार्ड ब्राह्मण पर भी फोकस, OBC से एक नाम तय

( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार के कैबिनेट विस्तार की चर्चाएं काफी दिन से हैं। कहा जा रहा था कि खरमास के बाद कभी भी कैबिनेट विस्तार हो सकता है। अब जानकारी मिल रही है कि बंगाल चुनाव के बाद कभी भी फेरबदल हो सकता है। इस फेरबदल में कुछ नए मंत्री जुड़ सकते हैं तो कुछ लोगों को संगठन में भेजा जा सकता है। इसके अलावा विभागों में भी परिवर्तन किया जा सकता है। 2027 विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा फिलहाल संगठन मजबूत कर रही है। ऐसे में कुछ सीनियर और तेज नेताओं को संगठन की कमान भी दी जा सकती है। वहीं मंत्री परिषद में जातीय और क्षेत्रीय समीकरण साधने पर जोर होगा। लखनऊ से लेकर दिल्ली तक बीते कुछ दिनों में लगातार बैठकें हुई हैं। विनोद तावड़े लखनऊ पहुंचे थे तो कई नेताओं से मुलाकात की थी। इसके अलावा दिल्ली जाकर भी राज्य के दोनों डिप्टी सीएम शीर्ष नेताओं से मिल चुके हैं। फिलहाल संघ की ओर से भाजपा के साथ समन्वय करने वाले अरुण कुमार, पीएम नरेंद्र मोदी, होम मिनिस्टर अमित शाह समेत कई नेताओं के साथ मंथन का दौर चल रहा है। माना जा रहा है कि बंगाल चुनाव के बाद कैबिनेट विस्तार पर अंतिम मुहर लग जाएगी। पहले राउंड में कुछ नामों को तय किया गया है, जिन पर दिल्ली से मुहर लगने का इंतजार है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष का इंतजार था और अब पंकज चौधरी को जिम्मेदारी मिल गई है तो फिर कैबिनेट विस्तार का भी प्लान बन रहा है। चर्चा है कि कैबिनेट विस्तार में किसी सीनियर ब्राह्मण नेता को तवज्जो मिल सकती है। अब तक डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के अलावा एक और ब्राह्मण चेहरा जितिन प्रसाद थे। फिलहाल जितिन प्रसाद दिल्ली की राजनीति में चले गए हैं। ऐसे में उनके स्थान पर किसी को चांस मिल सकता है। बीते कुछ महीनों से ब्राह्मणों की नाराजगी का नैरेटिव भी विपक्ष चलाता रहा है। ऐसे में भाजपा शायद बिरादरी के किसी नेता को मौका दे।



### अखिलेश के PDA की काट क्यों खोजना चाह रही भाजपा

इसके अलावा दलित समुदाय से भी किसी नेता को मंत्री पद मिल सकता है। कांशीराम जयंती से लेकर आंबेडकर जयंती तक मनाने वाले अखिलेश यादव लगातार पीडीए का नारा दोहरा रहे हैं। ऐसे में दलित समुदाय को अपने पाले में रखने के लिए भाजपा किसी नेता को मौका जरूर देगी। सबसे ज्यादा चर्चा किसी महिला को मंत्री बनाए जाने की है। ऐसा इसलिए क्योंकि महिला आरक्षण विधेयक लोकसभा में गिरने के बाद भाजपा इसे मुद्दा बना रही है। ऐसे में किसी महिला को मंत्री बनाकर भाजपा के पास मौका होगा कि वह उदाहरण देते हुए विपक्ष को घेरे।

### ओबीसी वर्ग से तय माना जा रहा भूपेंद्र चौधरी का नाम

ओबीसी की बात करें भूपेंद्र चौधरी का नाम तय माना जा रहा है। वह अब तक प्रदेश अध्यक्ष थे। जाट बिरादरी से आते हैं और बिना किसी विवाद के काम करने वाले नेता हैं। ऐसे में जाट समाज के बीच संदेश देने के लिए उन्हें मौका मिल सकता है। पश्चिम यूपी यूं भी भाजपा के लिए अहम है। अब तक सीएम के अलावा प्रदेश अध्यक्ष और दोनों डिप्टी सीएम में से कोई भी पश्चिम यूपी का नहीं है। इसलिए मंत्री परिषद के जरिए इस क्षेत्रीय संतुलन को भी साधा जा सकता है।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| पंजाब | 6 | 5 | 0 | 11 |
| बेंगलुरु | 6 | 4 | 2 | 8 |
| राजस्थान | 6 | 4 | 2 | 8 |
| हैदराबाद | 6 | 3 | 3 | 6 |
| दिल्ली | 5 | 3 | 2 | 6 |
| गुजरात | 6 | 3 | 3 | 6 |
| मुंबई | 6 | 2 | 4 | 4 |
| चेन्नई | 6 | 2 | 4 | 4 |
| लखनऊ | 6 | 2 | 4 | 4 |
| कोलकाता | 7 | 1 | 5 | 3 |

ऑरेंज कैप | पर्पल कैप



हेनरिक क्लासेन — 283 रन — हैदराबाद

अंशुल कंबोज — 13 विकेट — चेन्नई

# आरआर की लगातार दूसरी हार से टूटे वैभव

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 में रविवार को राजस्थान रॉयल्स को लगातार दूसरी हार का सामना करना पड़ा। कोलकाता नाइट राइडर्स ने उसे 4 विकेट से शिकस्त देकर टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत हासिल की। टीम की हार के बाद 15 साल के वैभव सूर्यवंशी काफी निराश दिखे। उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वह बाउंड्री के पास जमीन पर सिर झुकाए बैठे हुए हैं और उनकी आंखों से आंसू छलक रहे है। इस हार के बाद वैभव सूर्यवंशी काफी दुखी थे और उनका रोते हुए एक वीडियो भी वायरल हुआ है। विपक्षी केकेआर के फील्डिंग कोच दिशांत याज्ञनिक उनके पास पहुंचते हैं और बगल में बैठकर उनकी हिम्मत बढ़ाते हैं।



**वैभव के बालसुलभ इमोशंस गहरे :** वैभव सूर्यवंशी अभी है भी तो महज 15 साल के। उनके अंदर बालसुलभ इमोशंस गहरे बैठे हैं। जब भी उनकी टीम हारती है या वह आउट होते हैं तो वह बहुत निराश दिखते हैं। रविवार के मैच में सूर्यवंशी ने अच्छा प्रदर्शन किया था। उन्होंने 28 गेंदों में 46 रन की पारी खेली थी। आईपीएल में कोई बल्लेबाज 160 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से 40+ का स्कोर बनाता है तो उसे शानदार ही कहेंगे, लेकिन वैभव सूर्यवंशी के स्टैंडर्ड के लिहाज से ये थोड़ा कम लगेगा।

### सूर्यवंशी दिखे निराश और थके-हारे

अच्छे प्रदर्शन के बाद भी टीम के हारने पर सूर्यवंशी काफी निराश नजर आए। वह बाउंड्री रोप के नजदीक अकेले बैठे थे। बिल्कुल निराश। थके-हारे। टूटे-टूटे से। केकेआर के फील्डिंग कोच दिशांत याज्ञनिक ने उन्हें इस हाल में देखा तो वह उनके पास गए। बगल में बैठ गए और कंधे पर हाथ रखकर उन्हें हिम्मत दिलाते दिखे।

# पहली जीत के बाद खिलाड़ियों के निकले आंसू

**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स ने आखिरकार आईपीएल 2026 में अपनी पहली जीत हासिल की। इसके बाद कोलकाता के ड्रेसिंग रूम में खिलाड़ियों आंसू निकल गए। इस जीत के बाद कोलकाता के ड्रेसिंग रूम का माहौल बदल गया। माहौल इतना इमोशनल हो गया, जितना तो 2024 में खिताबी जीत के बाद भी नहीं था। अजिक्य रहाणे की अगुआई वाली कोलकाता ने रविवार को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ एक कम स्कोर वाले रोमांचक मैच में चार विकेट से जीत हासिल की थी। सीजन की पहली जीत के बाद कोलकाता के खिलाड़ी काफी इमोशनल हो गए। जीत के बाद स्टार स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने ड्रेसगि रूम का हाल बताया। उन्होंने बताया कि ड्रेसिंग रूम में खिलाड़ियों की आंखों में आंसू थे। उन्होंने कहा कि यह बहुत, बहुत ज़्यादा अहम है। मैं आपको बता सकता हूं कि आज ड्रेसिंग रूम में मैंने कई लोगों की आंखों में आंसू देखे, जो हमने उस साल भी नहीं देखे थे जब हमने 2024 में आईपीलए जीता था।



### हेड कोच नायर को जीत का क्रेडिट

वरुण ने इस बात पर जोर दिया कि इस जीत का नतीजा मिलना, इसे ज़्यादातर जीतों से कहीं ज़्यादा अहम बनाता है। इसका मुख्य श्रेय हेड कोच अभषिक नायर और कोचिंग स्टाफ को जाता है, क्योंकि उन्होंने बाहरी शोर का खलिाड़ियों पर कोई असर नहीं पड़ने दिया। चक्रवर्ती ने कहा कि पिछले कुछ सप्ताह में केकेआर का काफी मजाक उड़ाया गया है और उसकी बहुत आलोचना हुई है, जिसका असर यकीनन खिलाड़ियों के मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ सकता है। मजबूत इरादे रखना ही सफलता की कुंजी है और इसे हासिल करने के लिए केकेआर को अपनी पूरी ताक़त झोंकनी होगी।

## खबर संक्षेप

### डीपी वर्ल्ड प्लेयर्स चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगे शीर्ष खिलाड़ी



**नूंह।** वीर अहलावत, ओम प्रकाश चौहान और मनु गंडास जैसे शीर्ष घरेलू गोल्फरों सहित लगभग 130 पेशेवर खिलाड़ी 'क्लासिक गोल्फ एंड कंट्री क्लब' में शुरू होने वाली एक करोड़ रुपए पुरस्कार राशि वाले 'डीपी वर्ल्ड प्लेयर्स चैंपियनशिप' में खिताब के लिए चुनौती पेश करेंगे। मौजूदा सत्र (2026) में 'डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ मेरिट' में शीर्ष पर चल रहे सप्तक तलवार, खालिन जोशी, हनी बैसोया और अंगद चीमा भी खिताब के दावेदारों में शामिल हैं। श्रीलंका के एन थंगाराजा टूर्नामेंट में भाग लेने वाले प्रमुख विदेशी खिलाड़ी होंगे। मेजबान क्षेत्र गुरुग्राम और नूंह का प्रतिनिधित्व ध्रुव श्योराण और तपेंद्र घई जैसे खिलाड़ी करेंगे।

### पीएसए चैलेंजर का सूरजचंद ने जीता खिताब

**चेन्नई।** भारत के सूरज कुमार चंद ने दक्षिण कोरिया के जियोंगमिन रियू को सीधे गेम में हराकर



एचसीएल स्क्वाश पीएसए चैलेंजर टूर खिताब जीत लिया है। दूसरी वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी ने आठवीं वरीयता प्राप्त प्रतिद्वंद्वी को 11-5, 11-9, 11-3 से हराया। मिस्र की सातवीं वरीयता प्राप्त रोकैया ओथमैन ने मलेशिया की दूसरी वरीयता प्राप्त हरलीन तान को 12-10, 11-7, 9-11, 11-7 से हराकर महिला खिताब जीता।

### जोबर्ग लेडीज ओपन में 36वें स्थान पर प्रणवी

**जोहानिसबर्ग।** गोल्फर प्रणवी उर्स अंतिम दौर में एक अंडर 72 के स्कोर से जोबर्ग लेडीज ओपन में



संयुक्त 36वें स्थान पर रहीं। टूर्नामेंट में कट हासिल करने वाली एकमात्र भारतीय प्रणवी ने अंतिम दौर में दो बर्डी ओर एक ईगल किया लेकिन तीन बोगी भी कर गई, जिससे उनका स्कोर एक अंडर रहा। चार अन्य भारतीय खिलाड़ी दीक्षा डागर, त्वेसा मलिक, अवनि प्रशांत और हिताशी बक्शी कट हासिल करने में नाकाम रहीं। इस बीच फ्रांस की अगाथे लेस्ने ने पांच अतिरिक्त होल में कर्स्टन रुडगेली को पछाड़कर खिताब जीता।

### असम रणजी टीम के मुख्य कोच बने पोवार

**मुंबई।** मुंबई और बड़ौदा के पूर्व प्रथम श्रेणी क्रिकेटर किरण पोवार



को 2026-27 के घरेलू सत्र के लिए असम की पुरुष टीम का नया मुख्य कोच बनाया गया है। बाएं हाथ के 50 साल के पूर्व खिलाड़ी किरण मुंबई, बड़ौदा और असम के लिए खेले हैं। वह भारत के पूर्व ऑफ स्पिनर और महिला टीम के पूर्व मुख्य कोच रमेश पोवार के बड़े भाई हैं। पिछले सत्र में किरण मुंबई की अंडर-23 टीम के प्रभारी थे और यह सीनियर टीम के साथ उनका पहला कार्यकाल होगा, जिसमें वह प्रभारी होंगे।

## आईपीएल : लगातार 4 मैच हारने के बाद जीती मुंबई

# तिलक वर्मा का शतक, इंडियन्स ने गुजरात टाइटंस को 99 रन से रौंदा

अहमदाबाद

तिलक वर्मा के नाबाद तूफानी शतक के बाद अश्वनी कुमार की अगुआई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से मुंबई इंडियन्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में सोमवार को यहां लगातार चार हार के क्रम को तोड़ते हुए गुजरात टाइटंस को 99 रन से हराया जो मौजूदा सत्र में रनों के लिहाज से किसी भी टीम की सबसे बड़ी जीत है।

**अश्विनी कुमार को 4 विकेट**

तिलक ने आईपीएल के अपने पहले शतक के दौरान 45 गेंद में आठ चौकों और सात छक्कों से नाबाद 101 रन की पारी खेलने के अलावा कप्तान हार्दिक पंड्या (15 रन, 16 गेंद, एक चौका) के साथ पांचवें विकेट के लिए 81 और नमन धीर (45) के साथ चौथे विकेट के लिए 52 रन की साझेदारी भी की जिससे मुंबई इंडियन्स ने पांच विकेट पर 199 रन बनाए। इसके जवाब में टाइटंस की टीम अश्वनी कुमार (24 रन पर चार विकेट), अल्लाह गजनफर (17 रन पर दो विकेट) और मिचेल सेंटनर (16 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने 15.5 ओवर में 100 रन पर सिमट गई और कभी लक्ष्य के करीब पहुंचने की स्थिति में भी नहीं दिखी। टाइटंस की ओर से वाशिंगटन सुंदर ने सर्वाधिक 26 रन बनाए जबकि उनके अलावा शाहरुख (17), कप्तान शुभमन गिल (14) और कागिसो रबाडा (12) ही दोहरे अंक में पहुंच पाए। तिलक की पारी की बदौलत मुंबई की टीम अंतिम चार ओवर में 73 रन जोड़ने में सफल रही। टाइटंस की ओर से रबाडा सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 33 रन देकर तीन विकेट चटकाए। सिराज ने 25 जबकि कृष्णा ने 54 रन देकर एक-एक विकेट हासिल किया।




### मुंबई-199/5 (20)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| डिकॉक का एवं बो रबाडा | 13 |
| मालेवार पगबाधा बो रबाडा | 02 |
| नमन धीर का रबाडा बो प्रसिद्ध | 45 |
| सूर्यकुमार यादव बो रबाडा | 15 |
| तिलक वर्मा नाबाद | 101 |
| हार्दिक का फिलिप्स बो सिराज | 15 |
| शेरफेन रदरफोर्ड नाबाद | 01 |

अतिरिक्त: 07

कुल:20 ओवर में पांच विकेट पर: 199 रन

विकेट पतन: 1-10, 2-25, 3-44, 4-96, 5-177

गेंदबाजी: सिराज 4-0-25-1, रबाडा 4-0-33-3, अशोक 3-0-38-0, राशिद 4-0-31-0, प्रसिद्ध 4-0-54-1, सुंदर 1-0-13-0

### गुजरात-100/10 (15.5)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| सुदर्शन का भगत बो बुमराह | 00 |
| शुभमन का नमन बो अश्वनी | 14 |
| जोस बटलर पगबाधा बो पंड्या | 05 |
| सुंदर का नमन बो सेंटनर | 26 |
| फिलिप्स का एवं बो सेंटनर | 06 |
| तेवतिया का डिकॉक बो अश्वनी | 08 |
| शाहरुख का नमन बो अश्वनी | 17 |
| राशिद का स्थानापन्न बो अश्वनी | 04 |
| रबाडा स्टं डिकॉक बो गजनफर | 12 |
| अशोक शर्मा नाबाद | 01 |
| सिराज पगबाधा बो गजनफर | 00 |

अतिरिक्त: 07

कुल:15.5 ओवर में सभी विकेट खोकर: 100 रन

गेंदबाजी: बुमराह 3-0-15-1, पंड्या 1-0-18-1, भगत 2-0-10-0, अश्वनी 4-0-24-4, गजनफर 2.5-0-17-2, सेंटनर 3-0-16-2

### हैदराबाद की नजर जीत पर, दिल्ली के हौसले भी बुलंद

**हैदराबाद।** पिछले दो मैच में शानदार प्रदर्शन करने वाली सनराइजर्स हैदराबाद की टीम मंगलवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ होने वाले आईपीएल के मैच में घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाने की कोशिश करेगी। दोनो टीम के अभी छह-छह अंक है लेकिन सनराइजर्स का नेट रन रेट बेहतर है और इसलिए वह चौथे स्थान पर काबिज है। कप्तान पैट कमिंस की अनुपस्थिति में सनराइजर्स की गेंदबाजी कमजोर नजर आ रही थी लेकिन उसने धीरे-धीरे इसमें सुधार कर लिया है। कमिंस भी टीम से जुड़ गए हैं लेकिन वह इस मैच में नहीं खेल पाएंगे। वहीं अक्षर पटेल की अगुवाई में दिल्ली कैपिटल्स के हौसले बुलंद है। राहुल और मिलर अपने श्रेष्ठ फॉर्म में हैं।

## विश्व सीरीज कार्टिंग

# 11 वर्षीय अतिका का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन डब्ल्यूएसके में सेकेंड पोजीशन



**लोनाटो।** भारतीय रेसिंग की नई सनसनी 11 वर्षीय अतिका मीर ने विश्व सीरीज कार्टिंग (डब्ल्यूएसके) की पहली रेस में दूसरा स्थान हासिल किया, जो किसी भारतीय का इस श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। फॉर्मूला वन अकादमी से सहायता पाने पहली भारतीय और ओकेएनजे श्रेणी (12-14 वर्ष की आयु) में विश्व स्तर पर सर्वोच्च रैंकिंग वाली महिला रेसर अतिका ने साउथ गार्डा कार्टिंग में डब्ल्यूएसके यूरो सीरीज राउंड दो की शुरुआती रेस में शानदार प्रदर्शन किया। यह दूसरा अवसर है जबकि डब्ल्यूएसके में ओकेएनजे श्रेणी की किसी रेस में किसी महिला खिलाड़ी ने दूसरा स्थान हासिल किया।

अतिका ने यूरोपीय सर्किट पर अपने शानदार प्रदर्शन से सबका ध्यान अपनी तरफ खींचा है। उनकी इस रेस के दौरान दर्शकों में मर्सिडीज एफवन के बॉस टोटो वोल्फ और उनके स्टार ड्राइवर जॉर्ज रसेल भी मौजूद थे। अतिका ने अभ्यास सत्र में भी अच्छा प्रदर्शन किया और पोल पोजीशन हासिल करने वाले ड्राइवर से केवल एक सेकंड के दसवें हिस्से से पीछे रहीं।

# टूर्नामेंट आज से शुरू, दांव पर दो गोल्ड

**काहिरा।** भारतीय जूनियर निशानेबाज मंगलवार से शुरू होने वाले आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप में इस सत्र में पहली बार किसी प्रतियोगिता में भाग लेंगे, जिसके पहले दिन महिला 10 मीटर एयर राइफल और पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल में पदकों का फैसला होगा। भारत इस प्रतियोगिता में 71 खिलाड़ियों को उतारेगा, जिसमें 58 खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ के सदस्य रविवार को काहिरा पहुंच गए थे। प्रतियोगिता के पहले दिन की शुरुआत पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए 25 मीटर पिस्टल प्रेसिजन चरण के साथ होगी। इसके साथ ही स्कीट में पुरुषों और महिलाओं के वर्ग में शुरुआती चरण के निशाने भी लगाए जाएंगे।

### आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप




**शम्भावी क्षीरसागर के प्रदर्शन पर नजर**

भारत ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में छह निशानेबाजों को उतारा है, जिनमें एशियाई जूनियर रिकॉर्ड धारक और 2025 की आईएसएसएफ विश्व कप चैंपियन शम्भावी क्षीरसागर के प्रदर्शन पर सभी की निगाह टिकी रहेगी। उनके अलावा अनुष्का थोकुर, मान्यता सिंह, अनीशा शर्मा, अन्वी राठौड़ और पनाह भुगरा भी अपनी चुनौती पेश करेंगी।

### हॉकी इंडिया कोचिंग शिविर के लिए चुने गए 36 खिलाड़ी

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने बेंगलुरु के भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) केंद्र में 20 अप्रैल से 9 मई तक लगाए जाने वाले सीनियर पुरुष राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए 36 संभावित खिलाड़ियों की घोषणा की। इस कोचिंग शिविर में टीम संयोजन, फिटनेस और मैच की परिस्थितियों की तरह अभ्यास सत्र आयोजित करने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। यह शिविर इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि भारत को इस साल एफआईएच प्रो लीग 2025-26 के यूरोपीय चरण, विश्व कप और एशियाई खेलों में भाग लेना है। इस शिविर में उन विभागों की पहचान की जाएगी, जिनमें टीम को और बेहतर बनने की जरूरत है।

# ईटीपीएल में टीम खरीदकर ब्रांड एम्बेसडर बने गेल

**मुंबई।** पहली यूरोपीय टी20 प्रीमियर लीग (ईटीपीएल) ने स्कॉटलैंड की 'ग्लास्गो मुगाफियंस' फ्रेंचाइजी की घोषणा की, जिसमें वेस्टइंडीज के क्रिकेटर क्रिस गेल सह मालिक और वैश्विक ब्रांड दूत होंगे। बॉलीवुड अभिनेता अभिषेक बच्चन के सह स्वामित्व वाली ईटीपीएल का पहला सत्र 26 अगस्त से 20 सितंबर के बीच खेला जाएगा, जिसमें छह फ्रेंचाइजी के बीच 33 मैच छह शहरों ग्लास्गो, एम्सटर्डम, एडिनबर्ग, डबलिन, बेलफास्ट और रोटरडम में खेले जाएंगे। लीग के अनुसार ग्लास्गो टीम का स्वामित्व तंशा बत्रा के पास होगा जबकि मुगाफी ग्रुप संस्थापक साझेदार रहेगा। गेल इसके सह मालिक और वैश्विक ब्रांड दूत होंगे।

- पहला सत्र 26 अगस्त से 20 सितंबर तक




### ईटीपीएल की विश्व स्तर पर चर्चा : गेल

गेल ने कहा,' ईटीपीएल की विश्व स्तर पर चर्चा हो रही है। मैंने दुनिया भर में फ्रेंचाइजी लीग खेला है और मुझे यकीन है कि यह लीग खास होगी।' वहीं ग्लास्गो टीम के बारे में अभिषेक बच्चन ने कहा,' हम मुगाफी ग्रुप और क्रिस गेल का इस सफर में स्वागत करते हुए आनंदित हैं। यूरोप क्रिकेट के लिए सबसे रोमांचक नए क्षेत्रों में से एक है, जहां खेल संस्कृति, विविधता और अपार संभावनाएं हैं। हम इस लीग के माध्यम से नई प्रतिभाओं को मंच देंगे और यूरोप को विश्व क्रिकेट का केंद्र बनाएंगे।

## हैरी केन ने दागा सत्र का 32वां गोल

# बायर्न का दबदबा, 13वीं बार बुंडेसलीगा पर कब्जा

**म्यूनिख।** बायर्न म्यूनिख ने स्टटगार्ट पर 4-2 से आसान जीत हासिल करके पिछले 14 साल में 13वीं बार जर्मन फुटबॉल लीग बुंडेसलीगा का खिताब अपने नाम किया। बायर्न म्यूनिख की इस जीत के नायक भी हैरी केन रहे, जिन्होंने दूसरे हाफ में स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में मैदान पर उतरने के बाद सत्र का अपना 32वां गोल किया। इससे पहले राफेल गुएरेरो (31वें), निकोलस जैक्सन (33वें) और अलफांसो डेविस (37वें) ने सात मिनट के अंदर तीन गोल करके बायर्न म्यूनिख को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया था। स्टटगार्ट की तरफ से क्रिस फ्यूरिच (21वें) और चेमा आंद्रेस (88वें) ने गोल किए। इस जीत के साथ बायर्न म्यूनिख ने जर्मन लीग के चार राउंड शेष रहते हुए दूसरे स्थान पर मौजूद बोरुसिया डॉर्टमुंड पर 15 अंकों की अजेय बढ़त बना ली है।



### प्रीमियर लीग की खिताबी दौड़ रोमांचक


**मैनचेस्टर।** स्टार स्ट्राइकर एर्लिंग हालैंड कि दूसरे हाफ में किए गए गोल की मदद से मैनचेस्टर सिटी ने आर्सेनल को 2-1 से हराकर प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूर्नामेंट में खिताब की दौड़ को रोमांचक बना दिया है। इस जीत से इस सिटी के 32 मैच में 67 अंक हो गए हैं जबकि शीर्ष पर काबिज आर्सेनल के 33 मैच में 70 अंक हैं। तीसरे और चौथे नंबर पर काबिज मैनचेस्टर यूनाइटेड और एस्टन विला के समान 58 अंक हैं। मैनचेस्टर सिटी को बुधवार को रेलीगेशन के खतरे से जूझ रही बर्नली के खिलाफ मैच खेलना है और संभावना है कि पेप गार्डियोला की टीम इस मैच में जीत हासिल करके आर्सेनल की बराबरी पर पहुंच जाएगी और पांच दौर के मैच शेष रहते हुए बढ़त हासिल कर लेगी।





# लियोन ने किया उलटफेर, पीएसजी को हराया

**पेरिस।** ब्राजील के फॉरवर्ड एंड्रिक ने एक गोल किया और एक गोल करने में मदद की, जिससे लियोन ने शीर्ष पर काबिज पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) को 2-1 से हराकर फ्रांसीसी फुटबॉल प्रतियोगिता लीग 1 में तीसरा स्थान हासिल करके चैंपियंस लीग के लिए क्वालीफाई करने की अपनी संभावनाओं को मजबूत किया। पीएसजी की इस सत्र में लीग में यह पांचवीं हार है, जिससे दूसरे स्थान पर काबिज लेंस की खिताब जीतने की उम्मीदें बढ़ गई हैं। पीएसजी अब लेंस से केवल एक अंक आगे है। पीएसजी ने हालांकि उससे एक मैच कम खेला है। पीएसजी के 28 मैच में 63 जबकि लेंस के 29 मैच में 62 अंक हैं। लियोन के 30 मैच में 54 अंक हैं।



विशेष : विश्व पुस्तक दिवस, 23 अप्रैल

किताबें पढ़कर एक अलग ही आनंद मिलता है, सिर्फ आनंद ही नहीं मिलता एक अलग तरह की दृष्टि भी मिलती है। हम बहुत कुछ गहराई से देखने-समझने लगते हैं। किताबें अंतर्ज्ञान बढ़ाकर हमें जागरूक बनाती हैं। सशक्त बनने के लिए हर स्त्री का किताबें पढ़ना जरूरी है।

# किताबें केवल आनंद ही नहीं एक अलग नजरिया भी देती हैं

आवरण कथा



किताबें केवल पढ़ने का ही सुख नहीं देतीं, देखने की दृष्टि भी बदल देती हैं। बदली हुई दृष्टि ही बदलते समय को गहराई से देख सकती है। एक ही काम, एक ही दिनचर्या, एक ही जीवन, किताबों के बिना भी चलता है, लेकिन किताबों के साथ वही जीवन समझ में आने लगता है, उसके भीतर छिपे अर्थ धीरे-धीरे समझ में आने लगते हैं। कहने का आशय यह है कि साहित्य मनुष्य को उसके भीतर के सत्य से परिचित कराता है।

### पढ़ने से मिलती है नई दृष्टि

एक स्त्री, जो दिन भर घर के कामों में लगी रहती है जैसे रसोई, सफाई, बच्चों की देखभाल। वह इन सबको अपने कर्तव्य की तरह निभाती है। उसका दिन एक निश्चित ढर्रे में बीतता है, जिसमें उसके लिए ठहरने की जगह बहुत कम होती है। लेकिन उसे पढ़ने का अवसर मिले, तो संभव है कि वह इन्हीं कामों को एक अलग नजर से देखे। वह यह समझे कि उसका श्रम अदृश्य क्यों है, उसका समय उसका अपना क्यों नहीं है, और उसका मौन कब, कैसे उसकी आदत बन गया?



### जरूरी है पढ़े हुए को जीवन में उतारना

केवल किताबों तक पहुंचना पर्याप्त नहीं, दृष्टि तब सही मायने में बनती है, जब पढ़ा हुआ जीवन में उतरता है। कई बार शिक्षित स्त्रियों का जीवन भी पुराने ढर्रे पर चलता रहता है। इसका कारण केवल परिस्थितियां नहीं, वे मान्यताएं हैं जो भीतर गहरे बैठ जाती हैं। पढ़ा हुआ और जिया हुआ अलग-अलग रह जाते हैं। ऐसे में किताबें एक हलचल पैदा करती हैं। यही हलचल धीरे-धीरे भीतर एक धीमी, लेकिन स्थाई स्वतंत्रता को जन्म देती है। यह प्रक्रिया तेज नहीं होती। यह धीरे-धीरे, लगभग अनदेखे ढंग से घटित होती है। पहले केवल प्रश्न उठते हैं, फिर उन प्रश्नों के साथ जीने की आदत बनती है, और फिर एक दिन वही प्रश्न दृष्टि में बदल जाते हैं।

### आप बनती हैं जागरूक

स्त्री को किताबें पढ़ने का समय जरूर निकालना चाहिए, क्योंकि किताबें उसे उसके काम से अलग नहीं करतीं, बल्कि उसी काम के भीतर एक नई जागरूकता भर देती हैं। किताबें स्त्री को यह नहीं सिखातीं कि क्या करना है, बल्कि यह समझने का साहस और बुद्धि देती हैं कि जो वह कर रही है, उसका क्या अर्थ है, क्या महत्व है? पढ़ना किसी निर्देश का पालन करना नहीं, अपने ही जीवन को नए प्रश्नों के साथ देखना है। यही वह बिंदु है, जहां पढ़ना, जीवन को केवल जीने से आगे बढ़ाकर उसे समझने की प्रक्रिया में बदल देता है।

### समझ में आते हैं जीवन के नए अर्थ

स्त्री न तो घर की शोभा मात्र है, न वह भोग की वस्तु है। वह स्वयं एक संपूर्ण व्यक्तित्व है। यह समझ केवल बाहर से दी नहीं जाती, भीतर से जगती है और किताबें इस चेतना को संभव बनाती हैं। जब कोई स्त्री पढ़ती है, तो वह केवल दूसरों की कहानी नहीं पढ़ती, वह धीरे-धीरे अपने ही जीवन को पढ़ना शुरू करती है। उसे एहसास होने लगता है, उसकी थकान केवल व्यक्तिगत नहीं, बल्कि एक साझा संरचना का हिस्सा है। उसका संघर्ष अकेला नहीं, अनेक स्त्रियों का साझा संघर्ष है। यहीं से स्त्री के भीतर एक सूक्ष्म परिवर्तन जन्म लेता है, जहां वह केवल पढ़ती नहीं, अपने ही जीवन को नए अर्थों में समझने लगती है। नारी के जीवन की करुणा केवल उसकी दुर्बलता नहीं, उसकी संवेदना की शक्ति भी है। जब यह समझ भीतर बैठती है, तो वह अपनी भावनाओं को बोझ नहीं, एक ऊर्जा के रूप में देखने लगती है।

### पढ़ना केवल एक क्रिया नहीं

यह प्रश्न भी महत्वपूर्ण है कि क्या स्त्री को पढ़ने की परिस्थितियां मिलती हैं? पढ़ना केवल अक्षरों को देखना नहीं, यह समय, एकांत और मानसिक अवकाश मांगता है। अनेक स्त्रियों का समय टुकड़ों में बंटा होता है। वे लगातार काम में लगी रहती हैं, उन्हें अपने लिए समय निकालना भी एक तरह का अपराधबोध बन जाता है। ऐसे में किताबें पास होकर भी दूर रह जाती हैं। इसलिए साक्षरता से आगे बढ़कर हमें उन सामाजिक संरचनाओं को देखना होगा, जो स्त्री को अपने लिए समय लेने से रोकती हैं। जब वह बिना अपराधबोध के अपने समय में ठहर पाती है, तभी पढ़ना संभव हो पाता है। पढ़ना केवल एक क्रिया नहीं, बल्कि अपने अस्तित्व को महत्व देने का एक शांत निर्णय भी है।

### किताबें भीतर एक रोशनी जलाती हैं

किताबें स्त्री के जीवन में कोई बाहरी बदलाव थोपती नहीं, वे भीतर एक धीमी रोशनी जलाती हैं। यह रोशनी उसे अपने ही अनुभवों को देखने, समझने और स्वीकारने की क्षमता देती है। हर स्त्री किताब तक पहुंचे, यह बहुत जरूरी है। पर उससे भी अधिक जरूरी है कि वह अपने जीवन को पढ़े। ज्ञान का



उद्देश्य केवल जानना नहीं, जागना है। जब यह जागरण होता है, तो जीवन वैसा ही रहते हुए भी बदल जाता है। किताब और स्त्री का संबंध बनने में परिवार का सहयोग बहुत जरूरी है। जब स्त्री पढ़ती है, तो वह केवल ग्रहण नहीं करती, वह भीतर ही भीतर रचने लगती है। कभी शब्दों में, कभी व्यवहार में, कभी अपने निर्णयों में। उसका जीवन धीरे-धीरे एक ऐसी कथा में बदलने लगता है, जिसे भले ही वह लिखे या न लिखे, पर वह एक अर्थपूर्ण संरचना ग्रहण कर लेती है।


---

स्पेशल : अप्रैल-स्ट्रेस अवेयरनेस मंथ

# अपने लिए भी बदलाव की धुरी बनें स्त्रियां

वर्कप्लेस और घर की जिम्मेदारियों के बीच महिलाओं के पास अपने लिए कोई समय ही नहीं बचता है। इससे वे अस्वस्थ हो जाती हैं। महिलाओं का परिवार के साथ अपना ध्यान रखना भी जरूरी है। वे अपने जीवन में एक संतुलन बैठाएं और स्वस्थ-सुखी जीवन जिएं।

जरूरी बात



घर और बाहर दोनों मोर्चों पर जूझने वाली स्त्रियां आसानी से तनाव के घेरे में आ ही जाती हैं। वर्कप्लेस और घर की जिम्मेदारियों के बीच संतुलन बनाने की फिक्र और आपा-धापी महिलाओं को तनाव के स्याह घेरे में लिए रहती है। ऐसे में जीवन से जुड़ी भाग-दौड़ से तो दूरी नहीं बनाई जा सकती, लेकिन तनाव को समझना और इससे बचने के प्रयास बहुत जरूरी हैं।

**आवश्यक है अवेयरनेस:** हाल के वर्षों में तनाव के शिकार लोगों के आंकड़े तेजी से बढ़े हैं। हेल्थ और सेफ्टी एक्जीक्यूटिव के आंकड़ों के अनुसार 35-54 आयु वर्ग के बड़ों की देखभाल करने वाली, गृहिणी और कामकाजी भूमिका निभा रही महिलाएं पुरुषों की तुलना में काफी अधिक तनाव का अनुभव करती हैं। आंकड़े बताते हैं कि तनाव का अनुभव करने वाली महिलाओं की संख्या समान आयु के पुरुषों की तुलना में 50 प्रतिशत अधिक है। बावजूद इसके स्ट्रेस को लेकर जागरूकता का अभाव है। तनाव को स्वास्थ्य से जुड़ी समस्या समझा ही नहीं जाता। इसके कारणों पर गौर नहीं किया जाता। तनाव के कारणों और इलाज के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए सन् 1992 से हर वर्ष अप्रैल को तनाव जागरूकता माह के रूप में मनाया जाता है। महीने भर स्ट्रेस से पैदा हो रही समस्याओं पर खुलकर बातचीत करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। साथ ही मित्रों, परिवारों, सहकर्मियों और पेशेवर लोगों के साथ अपनी मानसिक और भावनात्मक स्थिति के बारे में खुलकर बात करने का परिवेश बनाने की भी कोशिशें की जाती हैं।



**अपनी देखभाल को दें प्राथमिकता:** हमारा सामाजिक-पारिवारिक ढांचा ही ऐसा है कि महिलाएं खुद की देखभाल को कभी प्राथमिकता नहीं दे पातीं। इसके कारण घर-दफ्तर की भागम-भाग में लगी महिलाएं कई शारीरिक समस्याओं की गिरफ्त में आ जाती हैं। कमर दर्द, डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर, मोटापा, थायरॉइड जैसी व्याधियां आम हो चली हैं। नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे की रिपोर्ट कहती है कि देश की आधी आबादी अपने खान-पान का ध्यान नहीं रखती है। 32 से 58 वर्ष की महिलाओं के बीच हुए इस सर्वे के अनुसार 83 प्रतिशत महिलाएं किसी तरह का व्यायाम नहीं करतीं और 57 फीसदी महिलाएं खाने में फल-सब्जी का कम उपयोग करती हैं। आराम करने, किसी बात के लिए न कहने और सहजता से जीने के मामले में भी महिलाएं जरा पीछे ही हैं। वहीं एक्सरसाइज से दूरी खान-पान में लापरवाही, शरीर और मन दोनों की सेहत बिगाड़ती है। ऐसी सभी बातें तनाव की भी जड़ हैं। ऐसे में अपनी देखभाल करते हुए स्ट्रेस से जूझने के मोर्चे पर महिलाएं स्वयं अपना हाथ थामें।

**स्वयं को संभालें:** घर-परिवार और वर्कप्लेस दोनों ही जगहों पर परफेक्शन की उम्मीद, महिलाओं के लिए कितनी ही तनाव की वजह बनती हैं। बढ़ती उम्र और जिम्मेदारियों के साथ ऐसी उलझनें भावनात्मक बिखराव भी लाती हैं। इन तनाव भरी परिस्थितियों को जीते हुए बहुत-सी स्त्रियां अवसाद के स्याह अंधेरे में खो जाती हैं, जिससे नींद न आना, बात-बात पर गुस्सा आना, चिड़चिड़ापन, याददाश्त में कमी जैसी परेशानियां भी पैदा होती हैं। 2026 के ग्लोबल स्लीप सर्वे में सामने आया है कि फैमिली ड्यूटीज के कारण 39 प्रतिशत महिलाओं की नींद खराब होती है। कई महिलाएं 4 घंटे की गहरी नींद के लिए भी संघर्ष करती हैं। ग्लोबल स्लीप सर्वे के मुताबिक भारत में महिलाएं पुरुषों की तुलना में अधिक अनिद्रा से जूझ रही हैं। ऐसे में स्ट्रेस देने वाली नकारात्मक भावनाओं और परिस्थितियों से बचने के लिए जिंदादिली के साथ हर हालात को जीने का जज्बा लाएं। तनाव के घेरे में आने पर अकेले जूझने के बजाय अपनों से बात करना और पेशेवर सलाह लेना बेहद जरूरी है। ध्यान रहे कि यह तभी संभव है, जब स्त्रियां स्वयं अपने मन को संभालने को लेकर सजग होंगी।

---

विकास के नाम पर आज जिस तरह प्राकृतिक दोहन हो रहा है, यह एक बड़ी चिंता का विषय है। समय रहते हम न चेते तो पृथ्वी का अस्तित्व खतरे में पड़ जाएगा। इसलिए बहुत जरूरी है, हम अपनी प्राकृतिक संपदा बचाएं, धरा हरी-भरी रहे। महिलाएं इस काम में बड़ी भूमिका निभा सकती हैं।

# सरोकारी सोच से रहेगी धरा हरी-भरी

सजगता



पृथ्वी और स्त्री दोनों ही जीवन का आधार हैं। सृजन और पोषण का भाव दोनों के ही हिस्से आया है। इतना ही नहीं, धरा के समान ही महिलाएं भी बहुत सहनशील होती हैं। मां धरती अन्न, जल, वायु और सुरक्षा देकर जीवन सहेजती है। ठीक इसी तरह स्त्रियां भी रिश्तों-नातों को सींचती हैं। यही वजह है कि मदर अर्थ की रक्षा में महिलाओं की भागीदारी बहुत अहम हो जाती है। स्त्रियों में बचाने, सहेजने की एक नेचुरल समझ होती है। आज ही नहीं आने वाले कल को लेकर वे सजग रहती हैं। समझना जरूरी है कि धरती के रंग बचाने के लिए भी वर्तमान की सजगता ही आने वाले कल को सहेज सकती है। हमारी पोषक मां, धरती मां ही हमारी शक्ति है। इंसानी जीवन पृथ्वी के आंगन में ही पलता है। इसीलिए ऊर्जा के नए स्रोत तलाशने से लेकर जीवनशैली से जुड़े बदलावों तक, हर फ्रंट पर सही कवायद किए बिना भूमि के रंग सहेजना मुश्किल है।

**इस साल की थीम 'अवर पॉवर-अवर प्लेनेट':** पृथ्वी दिवस 2026 की थीम 'अवर पॉवर-अवर प्लेनेट' है। 'हमारी शक्ति, हमारा ग्रह' विषय रिन्यूएबल एनर्जी पर फोकस करता है। दो साल के लिए चुने गए इस विषय के तहत पिछले साल भी यह संदेश दिया गया था कि इस ग्रह पर बसने वाले ही इसको बचाने की शक्ति रखते हैं। साझी कोशिशें और सजगता ही पृथ्वी को एक स्वस्थ ग्रह बना सकते हैं। इन साझे प्रयासों को बल देने में स्त्रियों का रोल महत्वपूर्ण है। घर से लेकर परिवेश तक, महिलाएं अवेयरनेस लाने और बेरंग-शुष्क कुदरत को सार-संभाल के भावों की नमी लौटाने के लिए बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी को साथ ला सकती हैं। ऐसे में परिवार से हुई शुरुआत परिवेश तक बड़ा बदलाव ला सकती है।

**अनदेखी का दंश:** आखिर मां धरती की बिगड़ती सेहत को लेकर हम कब चेतेंगे? इंसानों को सशक्त बनाने वाले इस प्लेनेट की दूषित होती आबोहवा की सुध कब लेंगे? उजड़ती धरती और प्रदूषित होते हवा-पानी की चेतावनी के बावजूद हम भविष्य की चिंताओं से मुंह फेरे बैठे हैं। धरती मां अपने स्वार्थी बच्चों की हर ज्यादती सह रही है। जबकि धरती के रंग छीनने का मतलब इंसान द्वारा अपनी ही जिंदगी को बेरंग करने जैसा है। याद रहे कि जिस धरा के आंचल में हमें सब कुछ मिलता है, उसकी बेहतरी से ही मानवीय जीवन की बेहतरी भी जुड़ी है। पेड़-पौधों के बिना कुदरत का सूना आंगन और तेज रफ्तार तरक्की के नाम पर अशुद्ध होते जल-थल, वायु के साथ ही दूसरे जीव-जंतुओं की मौजूदगी के बिना इंसानों का जीवन भी कितना अधूरा-सा होगा। कहावत भी है कि 'धरा नहीं होगी तो सब धरा रह जाएगा।' प्रकृति पूजन की रीत वाले भारतीय समाज में धरती के दोहन की मानसिकता सचमुच दुःखद है। हमारे यहां तो पौराणिक और सांस्कृतिक रूप से भी पृथ्वी को देवी माना गया है। कितने ही पर्वों पर पृथ्वी और प्रकृति को ही पूजा जाता है। ऐसे में धरती की बिगड़ती आबोहवा की अनदेखी का दंश खुद इंसानों के लिए भी घातक ही है।

**जरूरतों पर भारी इच्छाएं:** तकलीफदेह है कि धरती मां के बच्चे अपनी आवश्यकताएं पूरी करने की बजाय धरा की झोली ही खाली करने लगे हैं। अपनी चाहतों के फेर में पृथ्वी की गोद सूनी करने का दुस्साहस करने लगे हैं। संसाधनों का सीमित इस्तेमाल करने के बजाय सुविधाजनक जीवनशैली से जुड़ी अंतहीन फेहरिस्त को पूरा करने के लिए कुदरत के हर हिस्से को चोट पहुंचाने लगे हैं। प्रकृति से सिर्फ अधिक से अधिक लेने-जुटाने की सोच रखने वाला इंसान लौटाने का भाव ही भुला चुका है। ऐसे में आवश्यकताओं और इच्छाओं का फर्क समझना जरूरी है।

---

स्किन केयर

# क्लीनिंग करें ऐसे फेस दिखेगा ग्लोइंग

आमतौर पर फेस वॉशिंग को स्किन केयर का सबसे ईजी स्टेप माना जाता है। साफ-सुथरी और ग्लोइंग स्किन पाने की चाहत में अधिकतर महिलाएं दिन में कई बार चेहरा धोती हैं। सही तरीके से चेहरा धोने से त्वचा ताजा, साफ और स्वस्थ दिखती है। लेकिन लगभग 80 प्रतिशत महिलाएं चेहरा धोने में गलतियां करती हैं। यही वजह है कि कई बार चेहरा धोने के बावजूद उनकी त्वचा ग्लोलेस, डल और बेजान-सी दिखती हैं, जिसकी वजह से वे टेंशन में रहती हैं।

**फेस वॉशिंग करें ऐसे:** चेहरा धोते समय की गई कुछ गलतियों की वजह से हमारी त्वचा को फायदे की बजाय नुकसान पहुंचता है और ज्यादातर महिलाएं ये गलतियां अनजाने में कर बैठती हैं।

**पहले हाथ करें साफ:** चेहरा धोने से पहले अपने हाथों को साबुन से जरूर साफ कर लें। गंदे हाथों से चेहरा धोने से गंदगी चेहरे पर फैल सकती है, जिससे चेहरे के रोमछिद्र बंद हो जाते हैं और कील, मुंहासे निकल आते हैं। इससे त्वचा संबंधी अनेक समस्याएं हो सकती हैं।



**चुनें सही फेस वॉश:** चेहरे को धोने के लिए ज्यादा फेस वॉश का उपयोग नुकसान पहुंचा सकता है। ज्यादा फेस वॉश लगाने से त्वचा का नेचुरल ऑयल खत्म हो जाता है और त्वचा रूखी-रूखी लगने लगती है। चेहरा धोने के लिए मटर के दाने के बराबर फेस वॉश काफी होता है। इसे अपनी हथेली पर डाल कर आपस में रगड़कर झाग बनाएं और साफ अंगुलियों की मदद से गीले चेहरे पर समान रूप से लगाएं। इसे आहिस्ता से गोलाकार गति में लगाएं क्योंकि इसके जोर से रगड़ने से त्वचा में घाव हो सकते हैं। इसके बाद इसे गुनगुने पानी से धो डालें। फेस वॉश का चयन करते समय अपनी स्किन टाइप का ध्यान रखें, क्योंकि गलत फेस वॉश इस्तेमाल करने से नुकसान हो सकता है। ड्राय स्किन के लिए क्रीम आधारित फेस वॉश और सेंसिटिव स्किन के लिए माइल्ड क्लींजर उपयोग करना चाहिए।

**गुनगुना पानी है बेस्ट:** गरम पानी से चेहरा धोने से त्वचा की प्राकृतिक नमी खत्म हो जाती है। इससे बचने के लिए त्वचा ज्यादा तेल स्रावित करने लगती है जोकि कील-मुंहासों का कारण बनता है। अगर आप ठंडे पानी से चेहरा धोती हैं तो स्किन पोर्स सिकुड़ जाते हैं, जिससे चेहरा सही तरह से साफ नहीं हो पाता है। अगर आप कील मुंहासों से परेशान हैं तो ठंडे पानी से मुंह धोने से परेशानी बढ़ सकती है, क्योंकि ठंडा पानी त्वचा की सूजन जरूर कम करता है। लेकिन मुंहासों से होने वाली सूजन को कम नहीं कर सकता। इसलिए चेहरा धोने के लिए हमेशा गुनगुने पानी का इस्तेमाल करें और चेहरा रगड़ने की बजाय थपथपाकर सुखाएं। गुनगुना पानी रोमछिद्रों को खोलकर चेहरे से तेल और गंदगी को पूरी तरह हटा देता है और चेहरे का प्राकृतिक तेल और नमी भी बनाए रखता है।

**बार-बार न करें फेस क्लीन:** चेहरे को सुबह और शाम दो बार धोना बेहतर होता है। सुबह चेहरा धोने से रात की गंदगी और ऑयल क्लीन हो जाता है जबकि शाम को चेहरा धोने से दिन भर की धूल, मिट्टी और प्रदूषण हट जाता है। इससे अधिक यानी दिन में बार-बार चेहरा धोना त्वचा के लिए नुकसानदायक हो सकता है। इससे आपकी त्वचा रूखी और खिंची-खिंची सी लगती है क्योंकि बार-बार चेहरा धोने से चेहरे की त्वचा में मौजूद प्राकृतिक तेल और नमी गायब हो जाती हैं जिससे चेहरे की सुरक्षा परत कमजोर हो जाती है।

---

हेल्दी रहने के लिए आपको यह समझना भी जरूरी है कि शरीर को प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट और फैट के अलावा किन पोषक तत्वों की भी विशेष तौर पर जरूरत होती है? इस बारे में दे रहे हैं, आपके लिए बहुत यूजफुल सजेशंस।

# न्यूट्रिएंट्स से भरपूर हो आपकी डाइट


डाइट सजेशन

हमेशा हेल्दी और एनर्जेटिक रहने के लिए हमारे खाने की आदतें सही होना जरूरी है। बैलेंस्ड डाइट के लिए आप अपने भोजन को मुख्य रूप से तीन वर्ग में विभाजित कर सकते हैं। ऊर्जा देने वाला भोजन, शरीर को मजबूत बनाने वाला भोजन और रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने वाला भोजन। यहां हम आपको इसी आधार पर प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट और फैट के अलावा डाइट में शामिल किए जाने वाले जरूरी न्यूट्रिएंट्स के बारे में बता रहे हैं।



**फाइबर:** घुलनशील फाइबर वाले खाद्य जैसे-ओट्स, मटर, बींस, सेब, रसेदार फल, गाजर और जौ शरीर में कोलेस्ट्रॉल बनने से रोकते हैं और कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाते हैं। अघुलनशील फाइबर जैसे गेहूं, चोकर, नट्स, बींस, टमाटर, फूलगोभी आदि में मौजूद फाइबर, पाचन को दुरुस्त रखता है।

**मिनरल्स:** शरीर में पर्याप्त कैल्शियम की मौजूदगी का मतलब है मजबूत दांत और हड्डियां। इससे शरीर में मांसपेशियों की अच्छी वृद्धि होती है और हार्ट भी हेल्दी रहता है। कैल्शियम के लिए आपको दूध और दुग्ध उत्पादों के अलावा पालक, सफेद बींस, ब्रोकली और लाल बींस खाने चाहिए।



आयोडीन मस्तिष्क के स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है और थाइरॉयड से होने वाले बुरे प्रभावों से हमारे शरीर की रक्षा करता है। इसे आप नमक, मछली, बटर और गहरे रंग की हरी सब्जियों से हासिल कर सकते हैं।

जिंक मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य के बीच बैलेंस बनाता है। इसके लिए काजू, बादाम, मटर, अंडे, अदरक को अपने भोजन में जरूर शामिल करना चाहिए।

**एंजाइम्स रिच फूड:** कच्चे फलों में मौजूद एंजाइम्स पाचन क्रिया दुरुस्त करते हैं। खरबूजा, कोकोनट वाटर, फ्रूट सलाद, बटर मिल्क, कच्चे बादाम, सूशी जैसे खाद्य पदार्थ शरीर में एंजाइम्स के लिए हेल्पफुल होते हैं।

**एल्केलाइन फूड:** एल्केलाइन फूड्स इम्यूनिटी बढ़ाते हैं। इसके लिए ब्रोकली, बंदगोभी, फूलगोभी, स्प्राउट्स, सेलरी, शलगम और पालक खाएं। नीबू सबसे अच्छा एल्केलाइन फूड माना जाता है, जो एसिडिटी, कफ, कोल्ड, फ्लू और हर्ट बर्न से बचाता है।

**पानी:** अपने शरीर में इलेक्ट्रोलाइट्स में संतुलन के लिए प्रतिदिन 10 से 12 गिलास पानी पीना चाहिए। यह शरीर के जोड़ों के लिए लुबरीकेंट बढ़ाने में मदद करता है। पाचन क्रिया को दुरुस्त रखता है और आंखों की नमी बरकरार रखता है। इससे शरीर का तापमान नियंत्रित रहता है और शरीर से टॉक्सिन को बाहर निकालता है। इसलिए प्रतिदिन पर्याप्त मात्रा में स्वच्छ और शुद्ध पानी पीना चाहिए।

# 'झांसी में 'हिन्दू बेटी बचाओ संघर्ष समिति' का ज्ञापन: सामाजिक सुरक्षा और कड़े कानूनों की उठी मांग '

( यंग भारत न्यूज )

झाँसी। जनपद में सामाजिक सुरक्षा, महिला संरक्षण और कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की मांग को लेकर हिन्दू बेटी बचाओ संघर्ष समिति, झांसी द्वारा एक विस्तृत ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को प्रेषित किया गया। इसके पूर्व मुक्ताकाशी मंच पर एक महापंचायत का आयोजन किया गया जिसमें जनपद के विभिन्न हिंदूवादी एवं अन्य सामाजिक संगठनों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत दीप प्रज्वलन के साथ हुई, दीप प्रज्वलन में मुख्य रूप से नीरज गुप्ता प्रांत सयोजक, डॉ संदीप सरावगी, आशीष उपाध्याय, जयदीप खरे, पीयूष रावत, सक्षम जी जिला प्रचारक, सोमेंद्र जी विश्व हिन्दू परिषद, सौरव जी हिन्दू जागरण मंच आदि उपस्थित रहे।



ज्ञापन में तथाकथित 'लव जिहाद' से जुड़े मामलों पर चिंता व्यक्त करते हुए कठोर विधिक एवं प्रशासनिक प्रावधान लागू करने की मांग की गई है। समिति ने अपने ज्ञापन में कहा कि राज्य में छल, प्रलोभन अथवा दबाव के माध्यम से होने वाले कथित धर्मांतरण और उससे जुड़े अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण आवश्यक है, ताकि सामाजिक संतुलन एवं जन-सुरक्षा को मजबूती मिल सके। इसी क्रम में कई महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए गए। ज्ञापन में प्रत्येक जनपद में ऐसे मामलों की सुनवाई हेतु विशेष पुलिस थानों की स्थापना और गहन जांच के लिए स्पेशल इन्वेस्टिगेशन यूनिट के गठन की मांग की गई है। साथ ही मामलों के शीघ्र निस्तारण के लिए फास्ट ट्रैक न्यायालयों की स्थापना का प्रस्ताव रखा गया, जिसमें छह माह के भीतर ट्रायल पूर्ण करने की व्यवस्था हो। समिति ने इस प्रकार की गतिविधियों में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वाले व्यक्तियों जैसे षड्यंत्रकर्ता, आर्थिक सहायता देने वाले और फर्जी दस्तावेज उपलब्ध कराने वालों पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई करने की बात कही है। इन अपराधों को संगठित अपराध की श्रेणी में रखते हुए सख्त कानून लागू करने का आग्रह भी किया गया। ज्ञापन में फर्जी पहचान के उपयोग को विशेष अपराध घोषित करने, अभिभावकों की जिम्मेदारी तय करने तथा अंतरधार्मिक अथवा प्रेम विवाह के मामलों में पूर्व सूचना देना अनिवार्य करने का सुझाव दिया गया है। इसके अतिरिक्त विवाह की प्रमाणिकता सुनिश्चित करने के लिए दो स्वतंत्र साक्षियों की अनिवार्यता और महिला सुरक्षा के मद्देनजर जिम, सैलून एवं मसाज सेंटरों के नियमन की भी मांग उठाई गई। समिति ने समान नागरिक संहिता के क्रियान्वयन पर भी जोर देते हुए विवाह एवं पारिवारिक मामलों में समानता, पारदर्शिता और न्याय सुनिश्चित करने की बात कही। साथ ही विदेश भेजे जाने की स्थिति में महिलाओं की सुरक्षा हेतु पूर्व सूचना, सत्यापन और निगरानी व्यवस्था लागू करने का सुझाव दिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में रजनी वर्मा, रंजना वर्मा, जीतू सोनी, मोहित अग्रवाल, रोहित महरौलिया, अरुण कुशवाहा, हर्षित, अनुज, सुमित विश्वकर्मा, पुरुषोत्तम स्वामी, उपेंद्र बबेले, वासु पोखरेल, जीतू शिवहरे, राघव वर्मा, संजय राष्ट्रवादी, पुरुकेष अमरया आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा। ज्ञापन के अंत में समिति ने इन सभी प्रस्तावों को लागू कर राज्य में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील की है। यह ज्ञापन सामाजिक सरोकारों और सुरक्षा के मुद्दों को लेकर उठाई गई एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखा जा रहा है।

# बृहद ब्राम्हण परिषद ने जताया शोक

( यंग भारत न्यूज )

गुरसरांय। बृहद ब्राम्हण परिषद की एक शोक सभा ब्राम्हण परिषद के अध्यक्ष पं राम प्रकाश अरजरिया की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई,जिसमें नगर के वरिष्ठ चिकित्सक एवं समाज के संरक्षक डॉ राम शरण कौशिक नुनार वालों के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया।

शोक सभा मे राजकुमार पाठक,रास बिहारी तिवारी,सतीश नायक,द्रगचंद्र तिवारी,महेश शर्मा,सरजू शरण पाठक,अरविंद राजा भैया वशिष्ठ, अरुण तिवारी,गिरीश तिवारी,ब्रजेन्द्र शर्मा,ओ पी शर्मा,ऋषभ वशिष्ठ, राजा भैया तिवारी,पुरुषोत्तम कुचवार,चंदन शर्मा,महेश्वरी शरण द्विवेदी, के के तिवारी,ठाकुरदास तिवारी,अखिलेश पिपरैया,डॉ सुकदेव व्यास,अरुण चतुर्वेदी, अखिलेश तिवारी,सोम मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# शादी के जोड़े में परीक्षा देने पहुंची छात्रा का किया सम्मान

( यंग भारत न्यूज )



गुरसरांय। डॉ राम मनोहर लोहिया महिला महाविद्यालय में चल रही विश्वविद्यालय की परीक्षा में शादी के दिन ही परीक्षा देने पहुंची लड़की ने शिक्षा की मिशाल कायम की। उसने अपनी शादी से ज्यादा पढ़ाई और परीक्षा को अहमियत दी। विद्यालय की केन्द्रव्यवस्थापक प्राचार्य डॉ पिंकी सिंह ने बताया कि मंगलवार को डॉ. राम मनोहर लोहिया महिला महाविद्यालय में सम सेमेस्टर की परीक्षा के दौरान बी.एस.सी. 6th सेमेस्टर की छात्रा जानकी यादव, टीका एवं पाणिग्रहण संस्कार के पूर्व महाविद्यालय में परीक्षा देने पहुंची। पूरे स्टाफ ने छात्रा के इस साहसी कदम की भरपूर सराहना की।

# पूर्व नौसेना अधिकारी के पिता की बीमारी से मौत, क्षेत्र में शोक की लहर

( यंग भारत न्यूज )



पैलानी/बांदा । पैलानी तहसील अंतर्गत सोनामऊ गांव निवासी पूर्व नौसेना अधिकारी राकेश बाजपेई के पिता 80 वर्षीय नीलकंठ बाजपेई का सोमवार को सुबह 9:00 बजे मेडिकल कॉलेज में निधन हो गया, निधन की सूचना मिलते ही आसपास के गांव चंदवारा, रामपुर, सिंधन कला, पैलानी, जसपुरा, तिंदवारी, आदि तीन दर्जन गांवों के लोग स्थित मवई फार्म हाउस पर पहुंचकर पूर्व नौसेना अधिकारी राकेश वाजपेई को ढांढस बंधाया। जल शक्ति राज्य मंत्री रामकेश निषाद ने मवई स्थित फार्म हाउस पहुंचकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। वही मुक्तिधाम में इकलौते बेटे राकेश वाजपेई ने अपने पिता को मुखाग्नि दिया। पूर्व नौसेना अधिकारी राकेश बाजपेई ने बताया कि मेरे पिता विगत 3 अप्रैल को ब्रेन हेमरेज होने के चलते मेडिकल कॉलेज बांदा भर्ती कराया था उनका सोमवार को सुबह 9:00 बजे निधन हो गया।अंतिम यात्रा में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत, पैलानी तहसील बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष रामकिशोर पाल, बलवीर सिंह, सुल्ली महाराज, बसपा महासचिव मलखे श्रीवास जिला कोषाध्यक्ष कमल कांत त्रिवेदी, भाजपा नेता अमित सेंठ भोलू, ग्राम प्रधान रेंहुटा ओमकार निषाद बांदा प्रेस ट्रस्ट के अध्यक्ष रमाकांत तिवारी व महा सचिव अंशू गुप्ता पत्रकार समेत सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# भगवान परशुराम जयंती के 34वें वार्षिकोत्सव के समापन पर ब्रह्म विभूतियों का हुआ सम्मान

( यंग भारत न्यूज )

झाँसी। भगवान परशुराम जयंती समारोह महासमिति एवं युवा ब्राह्मण महासंघ के संयुक्त तत्वावधान में विगत चार दिन से चल रहे भगवान परशुराम जयंती पर विविध धार्मिक कार्यक्रमों के 34वें वार्षिकोत्सव का समापन आज ग्वालियर रोड स्थित श्री सिद्धेश्वर सभागार में ब्रह्म विभूतियों का सम्मान समारोह पूर्व विधायक बृजेंद्र व्यास डम डम महाराज के मुख्य आतिथ्य एवं महासमिति के अध्यक्ष रवीश त्रिपाठी की अध्यक्षता में हुआ।कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों ने भगवान परशुराम के चित्र पर पूजन व माल्यार्पण एवं आरती कर किया।



अतिथियों का स्वागत राधे चौबे, रजत त्रिपाठी, बन्टी दुबे ने किया। बृजेंद्र व्यास ने कहा कि प्रजातंत्र के प्रणेता थे भगवान परशुराम जी। त्रेता युग में राजतंत्र निरंकुश हो गया राजा लोग अहंकार वश भारी हो गये और प्रजा पर अत्याचार तथा शोषण करने लगे व धर्मतंत्र की मर्यादाओं का उल्लंघन करने लगे ऐसे विषम काल में भगवान विष्णु जी का ब्राह्मण कुल में परशुराम जी के रूप में अवतार हुआ। भगवान परशुराम जी केवल ब्राह्मणों के ही नहीं अपितु समस्त भारतवासियों के आराध्य हैं। अध्यक्षता कर रहे रवीश त्रिपाठी ने कहा कि दस अवतारों में से भगवान परशुराम जी एक ऐसे अवतार हैं जिनका एक बार भी चरण वन्दन करने मात्र से मनुष्य राजयोग का अधिकारी बन जाता है तथा उसके समस्त पाप नष्ट हो जाते हैं। भगवान परशुराम जी ने तत्कालीन भारत में त्याग, शौर्य तथा न्याय की स्थापना की थी वह किसी व्यक्ति या वर्ण के विरोधी नहीं थे। जब-जब समाज में अन्याय एवं अत्याचार की शक्तियों का बाहुल्य हो जाता है तथा सामाजिक व्यवस्थायें छिन्न-भिन्न होने लगती हैं तब-तब महान शक्तियों का उदय होता है भगवान परशुराम ऐसे ही महाशक्ति थे। समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में अपना उत्कृष्ट योगदान देने वाली ब्रह्म विभूतियां हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ राकेश त्रिपाठी, कालीचरन जारौलिया,हरिओम पाठक , रामेश्वर प्रसाद उपाध्याय, विनोद समाधिया,हृदय कुमार झारखडिया,महेश समाधिया ,डॉ निर्मल शर्मा,सुरेखा शर्मा,सपना बबेले, ब्रजलता मिश्रा, शरद मिश्रा , अनिल बबेले , बन्टी दुबे, कमलेश मिश्रा, सुरेश खेवरिया, जगदीश मिश्रा, आदित्य दुबे, राधे चौबे, महेश पाण्डे, देवदत्त नायक, चिन्तामणि दुबे, विवेक गोस्वामी,संगम शर्मा, डॉ0 संजय त्रिपाठी, रामशरण नायक, चन्द्रप्रकाश मिश्रा,योगेंद्र उपाध्याय, अशोक बुधौलिया,डॉ0 प्रदीप शर्मा, कैलाश नारायण पाठक,प्रवीण श्रोत्रिय,राजेश तिवारी मक्खन, सुरेन्द्र तिवारी, अनूप पाठक, राघवेन्द्र पटसारिया, स्वतंत्र शर्मा, प्रताप नारायण दुबे, राहुल मिश्रा, कैलाश नारायण मालवीय ,डॉ सुनील तिवारी, रामकुमार पांडे , एस के शर्मा,अमर मिश्रा, नरेंद्र महाराज, हरिओम शर्मा, उपेंद्र समाधिया,दीपक जारोलिया आदि को मुख्य अतिथि ने पीताम्बरा एवं श्रीफल व ब्रह्म विभूति सम्मान पत्र भेंटकर सम्मानित किया। समारोह में पीके उपाध्याय, रजत त्रिपाठी, राजेश पुरोहित, अनमोल त्रिपाठी, उमाकान्त शर्मा,अतुल दुबे, मुकेश शर्मा आदि वक्ताओं ने भगवान परशुराम जी के आदर्शों पर प्रकाश डाला। संचालन संजीव त्रिपाठी एवं आभार राजीव त्रिपाठी ने व्यक्त किया।

# ग्रामीण बैंक में नकदी की किल्लत, खाली हाथ लौट रहे लोग परेशान

( यंग भारत न्यूज )

बांदा। कमासिन क्षेत्र की उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा पछौंहा में पिछले 25 दिनों से नकदी संकट बना हुआ है, जिससे ग्रामीण खाताधारकों की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है। बैंक के गेट पर 'बैंक में कैश नहीं है' का बोर्ड लटका होने से यह स्पष्ट है कि स्थिति सामान्य नहीं है और रोजाना बैंक आने वाले लोग खाली हाथ लौटने को मजबूर हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि वे 8 से 10 किलोमीटर दूर से रोजाना बैंक तक पहुंच रहे हैं, लेकिन अपनी ही जमा पूंजी नहीं निकाल पा रहे हैं। शादी-विवाह, बच्चों के दाखिले, बीमारी के इलाज और घर के दैनिक खर्चों के लिए रुपये न मिलना लोगों की परेशानी को और गंभीर बना रहा है। कई खाताधारकों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि बैंक में पैसा जमा होने के बावजूद उन्हें जरूरत के समय नकदी नहीं मिल रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि शाखा में नकदी की कमी के कारण पूरा इलाका प्रभावित है। ग्रामीण क्षेत्र में आसपास कोई वैकल्पिक बैंकिंग व्यवस्था या निकासी का दूसरा साधन न होने से समस्या और गहरा गई है। भीषण गर्मी का मौसम है ऐसे में दूर-दराज से आने वाले बुजुर्ग, महिलाएं और जरूरतमंद उपभोक्ता पेंशन, किसान सम्मान निधि, नरेगा मजदूरी आदि के लिये गरीब सबसे ज्यादा परेशान हैं। बैंक प्रबंधन का कहना है कि ऊपर से कैश की आपूर्ति नहीं मिल रही है, इसलिए शाखा सीमित विकल्पों के साथ काम कर रही है। हालांकि, इससे ग्राहकों की दिक्कत कम होने के बजाय और बढ़ गई है। बैंक प्रशासन की यह मजबूरी उपभोक्ताओं के लिए एक बड़ी समस्या बन चुकी है, क्योंकि उन्हें बार-बार चक्कर लगाने के बाद भी निराश होकर लौटना पड़ रहा है।

# नारियों को सशक्त करने के लिए सच्चा और सशक्त प्रयास है नारी शक्ति वन्दन : पूनम शर्मा



( यंग भारत न्यूज )

झाँसी। अंतर्राष्ट्रीय रामायण एवं वैदिक शोध संस्थान संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित और आर्य कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, झाँसी के सहयोग से 'नारी शक्ति वन्दन' कार्यक्रम सम्पन्न हुआ ।

प्रथम सत्र में अपरान्ह 'रामायण स्त्री चरित्र और वर्तमान नारी शक्ति वन्दन' विषयक संगोष्ठी अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष हरगोविंद कुशवाहा की अध्यक्षता में बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. पुनीत बिसारिया, वरिष्ठ कवि साहित्यकार डॉ प्रताप नारायण दुबे, वरिष्ठ रंगकर्मी अभिनेता देवराज चतुर्वेदी, डॉ सुधा रिछारिया, प्राचार्या अलका नायक ने रामायण स्त्री पात्रों से संदर्भित समग्र सारगर्भित विचार रखे । संयोजिका डॉ अपर्णा चौबे ने अतिथियों को पुष्पगुच्छ देकर बैच अलंकरण और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया । तत्पश्चात संभाषण प्रतियोगिता में छात्राओं ने रामायण के विभिन्न स्त्री चरित्र पर सार्थक विचार प्रस्तुत किए तत्पश्चात निर्णायक मण्डल ने उत्कृष्ट प्रस्तुति हेतु प्रथम साक्षी मिश्रा, द्वितीय जाह्नवी, तृतीय वैष्णवी को घोषित कर प्रमाणपत्र और स्मृति चिन्ह देकर पुरस्कृत किया, अन्य सहभागी छात्राओं को सांत्वना पुरस्कार दिया गया । द्वितीय सत्र में सायंकाल सांस्कृतिक संध्या का आयोजन श्रीमती पूनम अनुराग शर्मा जी, राष्ट्रीय अध्यक्ष फिक्की (फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स ऐंड इंडस्ट्रीज) के मुख्य आतिथ्य और भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष सुधीर सिंह, श्रीमती प्रियंका साहू, पूर्व उप सभापति, नगर निगम झाँसी, भाजपा नेत्री अपर्णा दुबे, नीता अवस्थी, रेलवे कर्मचारी नेता संजीव नायक, वरिष्ठ रंगकर्मी फिल्म अभिनेता आरिफ शहडोली, अभिनेता सुन्दर लिखार, फिल्म लाइन प्रोड्यूसर मनोज शर्मा के विशिष्ट आतिथ्य में सम्पन्न हुआ ।दीप प्रज्वलन पश्चात छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना, स्वागत गीत और स्वागत भाषण प्राचार्या प्रो. अलका नायक ने दिया ।तत्पश्चात महाविद्यालय की छात्राओं ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए।काव्यार्चन में आमंत्रित कवियों डॉ बृजलता मिश्रा, श्रीमती सपना बबेले, श्रीमती प्रगति शंकर सहाय, श्रीमती आरजू अग्रवाल, डॉ राजेश तिवारी 'मक्खन', श्री वैभव दुबे आदि ने रामायण के स्त्री पात्रों और वर्तमान परिवेश में नारी सशक्तिकरण को काव्यरचना द्वारा प्रस्तुत कर दर्शकों की वाहवाही लूटी ।तत्पश्चात नाट्य प्रस्तुति लघु नाटक 'शबरी की प्रतीक्षा' महेंद्र वर्मा द्वारा लिखित और निर्देशित प्रस्तुत हुई जिसमें राघवेंद्र सिंह, महेंद्र वर्मा, नीलम गुप्ता, शुभी दुबे, आकाश आदि ने भावप्रवण अभिनय द्वारा दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया । संचालन संस्थान समन्वयक संजय तिवारी राष्ट्रवादी ने किया और आभार प्रदर्शन कार्यक्रम संयोजिका डॉ अपर्णा चौबे ने व्यक्त किया।

## निधन पर जताया शोक

( यंग भारत न्यूज )

गुरसरांय। श्री हनुमत इण्टर कॉलेज बामौर के अध्यापक रमाकांत की माता जी के निधन पर हुई एक शोक सभा मे प्रधानाचार्य मनोज कुमार ,बड़े बाबू सतीश नायक,रविशंकर यादव,देवेंद्र नायक,कुलदीप सिंह,बलबीर ,दिवाकर त्रिपाठी, अशोक वर्मा,मानवेन्द्र सिंह,गौरव पटेल,शुभम पटेल आदि ने शोक व्यक्त किया

## भीषड़ गर्मी को देखते हुए माध्यमिक विद्यालयों के समय परिवर्तित किये जाने हेतु जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

( यंग भारत न्यूज )

झांसी।माध्यमिक शिक्षक संघ चंदेल गुट के जिला अध्यक्ष संतोष शाक्या एवं जिला मंत्री अनिल भारती ने जिलाधिकारी झांसी को ज्ञापन देकर भीषड़ गर्मी को देखते हुए माध्यमिक विद्यालयों के समय परिवर्तित किये जाने की मांग की है ।

उन्होंने ज्ञापन में बताया कि जिले मे पड रही भीषण गर्मी के कारण छात्र/छात्राओं के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव हो रहा है।जिस कारण विद्यालय में उपस्थिति न्यून हो गई है।. उन विपरीत परिस्थितियों को देखते हुए शासन के निर्देशानुसार दि0 19 अप्रैल से 31 अप्रैल के मध्य हीट बैन की घोषणा की गई है।. भीषण गर्मी को देखते हुए छात्र- छात्राओं के हित में बेसिक शिक्षा परिषद के बिद्यालयों की भाँति माध्यमिक विद्यालयों का समय सुबह 7:00 बजे से 12:00 बजे किया जाये।

# भीषण गर्मी में ट्रांसफार्मर दे रहे जवाब,कमासिन में बिजली-पानी ठप, वैक्सीन खतरे में

( यंग भारत न्यूज )

बांदा। कमासिन कस्बे में प्रचंड गर्मी ने बिजली व्यवस्था को ध्वस्त कर दिया। बुधवार दोपहर जल संस्थान की टंकी के पास ट्रांसफार्मर तेज धमाके के साथ जल उठा। इससे पुराने अस्पताल समेत पूरे मोहल्ले में तीन दिनों से बिजली गुल है। अस्पताल में संग्रहीत लाखों की वैक्सीनें खराब होने की कगार पर पहुंच गई हैं।

ओरन रोड पर भी एक ट्रांसफार्मर स्पार्किंग से लपटों में लिपट गया। बिजली ठप होने से कस्बे में पीने का पानी पूरी तरह बंद हो गया। ग्रामीण जद्दोजहद कर रहे हैं। उपभोक्ता विनोद, बउवा, दादूराम, छोटा भैया, बबुवा व श्रीमती केतकी ने बताया, 'ट्रांसफार्मर फूटने की सूचना अवर अभियंता को दे दी, लेकिन अब तक कोई कर्मचारी नहीं पहुंचा। गर्मी में हम बेहाल हैं, विभाग को कोसते रहते हैं।

# पति समेत ससुरालजनों ने बहु को जमकर पीटा छेड़खानी का विरोध करने पर

## कोतवाली नगर से कार्रवाई न होने पर पीड़िता ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

( यंग भारत न्यूज )



बांदा। कोतवाली नगर क्षेत्र के एक मोहल्ले की रहने वाली पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर बताएं कि उसके पति एवं ससुराल जानों द्वारा मारपीट की गई है। देवर द्वारा छेड़खानी करने का विरोध करने पर अक्सर मारपीट की जाती है 9 फरवरी 2026 को पीड़िता की शिकायत पर महिला थाने में देवर ने पीड़िता से किसी भी प्रकार का मतलब न रखने का लिखित पत्र भी दिया था इसके बावजूद भी सोमवार को शाम 4:00 बजे घरेलू कार्य कर रही थी पीछे से आकर देवर ने बुरी नीयत से पकड़कर मुंह दबा दिया और बलात्कार करने का प्रयास करने लगा पीड़िता ने किसी तरह से धक्का देकर छुड़ाया और चिल्लाने लगी तो देवर मारपीट करने लगा चिल्लाने की आवाज सुनकर देवर की पत्नी दुर्गा भी बाहर आ गई और सास कुंती भी आकर मारपीट करने लगी पुलिस को बुलाने की धमकी देने पर शाम को मार डालने की धमकी देकर चले गए शाम लगभग 6:00 बजे पति के साथ देवर ननद और सास देवर के साथ आरोप लगाने को लेकर पुन: मारपीट करने लगे ननद और सास के उकसाने पर पति सोनू और देवर राकेश ने हाथ पैर पकड़कर छत से फेंक दिया जिससे पीड़िता की गंभीर चोटें आई है पीड़िता ने पुलिस चौकी व कोतवाली नगर में शिकायती पर दिया था लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई ना ही पीड़िता का मेडिकल कराया गया पीड़िता के पूरे शरीर में चोट है पीड़िता ने बताया कि राकेश देवर देवरानी दुर्गा आए दिन पीड़िता के साथ मारपीट करते हैं पीड़िता ने एसपी बांदा को शिकायती पर देकर कार्यवाही करने की मांग की हैं।

मालिक.मुद्रक, प्रकाशक, संपादक संजय श्रीवास्तव द्वारा सेलेक्ट ऑफसेट पता 17, सरकपुर सरैया, छठामील, बी०के०टी० लखनऊ उ0प्र0.226201, लखनऊ से मुद्रित एवं 20 कृष्णा नगर उरई जालौन से प्रकाशित प्रधान संपादक संजय श्रीवास्तव फोन न. +919415055318
(पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिमेदार सभी विवादों का न्याय क्षेत्र उरई जालौन न्यायालय के अधीन होगा। निदेशक अनिल शर्मा, प्रबंध संपादक इं० शिवम श्रीवास्तव RNI NO UPHIN/2011/39718